पौष शुक्ल पक्ष - 2, 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 168 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

21 दिसंबर 2025 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

आज का मौसम

25.3 अधिकतम

6.8 न्यूनतम

## न्यूज विंडो

### पाकिस्तान में हिली धरती डरे लोग घरों से बाहर भागे

**बलूचिस्तान, एजेंसी।** पाकिस्तान का बलूचिस्तान प्रांत एक बार फिर भूकंप के झटकों से कांप उठा है। आज सुबह खुजदार जिले में आए इस भूकंप ने लोगों के बीच भारी डर पैदा कर दिया। हालांकि रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.3 मापी गई लेकिन इसके झटके बहुत जोरदार महसूस किए गए। भूकंप के झटके लगते ही खुजदार और आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपने घरों और इमारतों से निकलकर खुले मैदानों की ओर भागने लगे।

### हाईकोर्ट ने आपराधिक छवि के वकीलों की जानकारी मांगी

**प्रयागराज, एजेंसी।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ऐसे वकीलों की जानकारी मांगी है जो सक्रिय वकालत नहीं करते, अन्य कार्य करते हैं और गिरोह बंद कानून के तहत अभियुक्त हैं। न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की एकलपीठ ने इटावा निवासी अधिवक्ता मोहम्मद कफील की याचिका की सुनवाई करते हुए संबंधित जिलों के पुलिस कमिश्नरों, वरीष्ठ पुलिस अधीक्षकों व पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया कि वे इस प्रक्रिया की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करें और सुनिश्चित कराएं कि थानाध्यक्षों की ओर से दी गई जानकारी किसी भी प्रभाव, दबाव या बाहरी बातों से मुक्त हो।

### जोहंसबर्ग में गोलीबारी में 10 लोगों की मौत



**जोहंसबर्ग, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के जोहंसबर्ग में आज भीषण गोलीकांड की घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक जोहानिसबर्ग के पश्चिम में स्थित बेकर्सडाल टाउनशिप में गोलीबारी की घटना में दस लोग मारे गए हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। गोलीबारी के बाद पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है। एसएबीसी न्यूज़ के अनुसार आज जोहानिसबर्ग में हुई सामूहिक गोलीबारी में कम से कम दस लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बंदूकधारियों ने एक बार में घुसकर बिना किसी चेतावनी के भीड़ पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे दहशत और अफरा-तफरी मच गई।

### डर्बी कबड्डी हिंसा में भारतीय मूल के तीन लोगों को सजा

**डर्बी, एजेंसी।** ब्रिटेन के डर्बी शहर में 2023 में एक कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान भड़की हिंसा के मामले में तीन भारतीय मूल के व्यक्तियों को जेल की सजा सुनाई गई है। डर्बी पुलिस के अनुसार, बूटा सिंह, दमनजीत सिंह और राजविंदर तखर सिंह को नवंबर में चले मुकदमे में दोषी पाए जाने के बाद 19 दिसंबर को डर्बी क्राउन कोर्ट ने सजा सुनाई। दरअसल, ब्रिटेन के डर्बी में 20 अगस्त 2023 की शाम कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान दो विरोधी गुटों के बीच पहले से योजना बनाकर झड़प हुई। घटना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने वीडियो फुटेज हासिल किया जिसमें बूटा सिंह को विरोधी गुट के सदस्यों का पीछा करते हुए देखा जा सकता है।

## अंदर खास


लाइफ

घर में है दिशाओं का विशेष महत्व

बदलाव से दूर होंगे दोष सुंदरता भी बढ़ेगी

- घर में 8 कोण के वास्तु का विशेष महत्व
- पं. विष्णु राजौरिया का कॉलम 'सितारों की बात'

## आज का कार्टून




# अपनी मेट्रो की पहली सवारी का जोश... सुबह 7 बजे ही पहुंच गए लोग



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल में पहली बार मेट्रो आम लोगों के लिए शुरू हुई तो खासा उत्साह दिखाई दिया। लोग चाहते थे कि पहले मेट्रो यात्रा कर वह इसे अपनी याददाश्त का हिस्सा बना लें। मेट्रो का पहला कमर्शियल रन आज सुबह 9 बजे एम्स स्टेशन से हुआ। मेट्रो 30 मिनट में सुभाष नगर स्टेशन पर पहुंची। करीब 100 यात्रियों ने सफर किया। इनमें 7 साल के बच्चे से लेकर 75 साल के बुजुर्ग भी शामिल थे। अपने पहले मेट्रो सफर को लेकर लोगों में खास उत्साह नजर आया। यात्रा करने के लिए लोग सुबह 7 बजे से ही स्टेशन पहुंच गए थे। वहीं मेट्रो में पहली बार बैठे कुछ यात्री डांस करते भी नजर आए। मेट्रो अलकापुरी, डीआरएम, रानी कमलापति स्टेशन और एमपी नगर स्टेशन से आगे बढ़ी तो अनाउंसमेंट सुनाई दिया - अगला स्टेशन बोर्ड ऑफिस है। दरवाजे बाईं ओर खुलेंगे... कृपया दरवाजों से हटकर खड़े हों। इसके साथ ही मेट्रो चलाने वाला भोपाल देश का 26वां शहर बन गया। मध्यप्रदेश के इंदौर में इसी साल 31 मई को मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू हुआ था।

### दिन में 17 ट्रिप, 8 स्टेशन

शुरुआती चरण में मेट्रो सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी। इस दौरान कुल 17 ट्रिप होंगी।एम्स, अलकापुरी, डीआरएम, रानी कमलापति, एमपी नगर, डीबी मॉल, केंद्रीय स्कूल और सुभाष नगर स्टेशनों से यात्री मेट्रो में सवार हो सकेंगे। एम्स से सुभाष नगर के बीच 9 और सुभाष नगर से एम्स के बीच 8 ट्रिप रहेंगी। फिलहाल हर 75 मिनट में एक मेट्रो उपलब्ध होगी।

### झूठे साबित हुए न्याय विभाग के पारदर्शिता के दावे

# यौन अपराधी के साथ ट्रंप की फोटो गायब, मौजूद थी बिकिनी वाली महिला

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

अमेरिका के यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी फाइलों में से 16 फाइलें शनिवार देर रात वेबसाइट से गायब हो गईं हैं। रॉयटर्स के मुताबिक इन फाइलों में महिलाओं की पेंटिंग्स की तस्वीरें और एक फोटो शामिल थी, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, जेफ्री एपस्टीन, मेलानिया ट्रम्प और गिस्लीन मैक्सवेल (एपस्टीन की गर्लफ्रेंड) साथ नजर आ रहे थे। जस्टिस डिपार्टमेंट ने इन फाइलों के हटने को लेकर अब तक कोई सफाई नहीं दी है। यह भी स्पष्ट नहीं किया गया है कि फाइलें जानबूझकर हटाई गईं या तकनीकी गलती के कारण गायब हुईं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, पॉप सिंगर माइकल जैक्सन जैसे दिग्गजों की तस्वीरें तो हैं लेकिन रिकॉर्ड्स में डोनाल्ड ट्रम्प का नाम नहीं के बराबर पाया गया है। इससे पारदर्शिता के सभी दावे खोखले होने के आरोप लग रहे हैं।

सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे कई पीड़ितों के एफबीआई इंटरव्यू और न्याय विभाग के फैसले की कॉपी जहां एपस्टीन को सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों के बजाय सिर्फ छोटे राज्य स्तर के अपराध में सजा दिलाने का फैसला किया गया था, वे जारी नहीं किए गए। इनकी कमी ने फिर से सवाल उठाए कि 2000 के दशक में अभियोजकों ने मामले को कैसे संभाला और एपस्टीन को हल्की सजा क्यों मिली।

### लग रहे कवर-अप के आरोप

हाउस ओवरसाइट कमिटी के डेमोक्रेट सदस्यों ने ट्रम्प से जुड़ी तस्वीर के गायब होने पर सवाल उठाए और पूछा कि और क्या छिपाया जा रहा है? उन्होंने अमेरिकी जनता के लिए पूरी पारदर्शिता की मांग करते हुए न्याय विभाग पर कवर-अप के आरोप लगाए।



### यौन पीड़ित ने अन्याय बताया

एपस्टीन की पीड़ितों और कानून बनाने वाले लोग लंबे समय से पूरी पारदर्शिता की मांग कर रहे थे, लेकिन जारी दस्तावेजों में काफी हिस्से ब्लैक आउट (रेडैक्टेड) थे। इससे पीड़ित और सांसद काफी निराश हैं। एपस्टीन की शुरुआती पीड़ितों में से एक जेस माइकल्स ने कहा, न्याय विभाग फाइल जारी करने में भ्रष्टाचार और देरी से साबित कर रहे हैं कि वो कुछ छुपा रहे हैं। एक अन्य पीड़ित मरीना लार्सेडा ने कहा, फोटो ज्यादातर बेकार हैं। हमें धोखा दिया गया है। हम इंतजार कर रहे थे कि सरकार जिन्हें बचा रही है उनके नाम सामने आए। डेमोक्रेट्स की हाउस ओवरसाइट कमेटी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके ट्रंप की तस्वीर गायब होने पर सवाल पूछा है। कमेटी ने लिखा, तस्वीर जो फाइल 468 है, डोनाल्ड ट्रंप की है, उसे अब रिलीज से हटा दिया गया है। इसके बाद कमेटी ने अमेरिकी अटॉर्नी जनरल से सवाल पूछा, अटॉर्नी जनरल पॉम बॉन्डी क्या यह सच है? और क्या छिपाया जा रहा है? हमें अमेरिकी जनता के लिए पारदर्शिता चाहिए।

### एल्बम और दस्तावेजों से भरी 16 फाइलों का पता नहीं

गायब हुई फाइलें शुक्रवार को उपलब्ध थीं लेकिन शनिवार को पेज से गायब थीं। कथित तौर पर फाइल में एक डेस्क ड्रॉअर दिखाया गया था जो फोटो एल्बम और दस्तावेजों से भरा था। उनमें एक ट्रंप की तस्वीर थीं, जिसमें वह महिलाओं के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। इनमें कम से कम एक महिला बिकिनी में है। तस्वीर के पीछे एक और धुंधली तस्वीर थी, जिसमें ट्रंप, मेलानिया ट्रंप और एपस्टीन की करीबी सहयोगी घिसलेन मैक्सवेल भी थीं। माना जाता है कि यह तस्वीर ट्रंप और मेलानिया की शादी से पहले साल 2000 में मार-ए-लागो में ली गई थी। जस्टिस डिपार्टमेंट ने यह नहीं बताया कि फाइलें क्यों हटाई गईं या क्या उन्हें जानबूझकर गायब किया गया है। विभाग के एक प्रवक्ता ने एसोसिएटेड प्रेस के अनुरोधों का जवाब नहीं दिया।



### भारत में घुसपैठ की है साजिश

# बांग्लादेश में हिंसा के पीछे आईएसआई की लगाई आग

**ढाका, एजेंसी**

बीते एक साल से सुलग रहे बांग्लादेश में आम चुनाव के ऐलान के बाद से हिंसा का दौर तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि इसके पीछे सोची समझी साजिश काम कर रही है। छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की गोली मारकर हत्या के बाद ईशनिंदा के आरोप में हिंदू व्यक्ति की हत्या और भड़की हिंसा ये दिखाती है कि देश को सांप्रदायिकता की आग में झुलसाने की कोशिश की जा रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक, सारी उथल पुथल के पीछे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की ढाका सेल की खुराफात काम कर रही है। आईएसआई के निशाने पर दो चुनाव हैं। एक, बांग्लादेश में फरवरी में प्रस्तावित है, जबकि दूसरा, बंगाल में मार्च-अप्रैल में संभावित है। हिंसा फैलाकर बंगाल और पूर्वोत्तर में आतंकियों की घुसपैठ कराई जा सकती है।आईएसआई का मुख्य निशाना भारत है, बांग्लादेश उसके नापाक मंसूबों का माध्यम है।

### भीड़ ने सात साल की बच्ची को जिंदा जलाया

बांग्लादेश में हाल ही में छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मृत्यु के बाद भड़की व्यापक हिंसा के दौरान एक मासूम बच्ची को जिंदा जलाए जाने की अत्यंत हृदयविदारक घटना सामने आई है। शनिवार को लक्ष्मीपुर सदर उपजिला में बीएनपी के एक नेता के घर को कथित तौर पर बाहर से बंद करके आग लगा दी गई, जिसमें एक बच्ची की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

# ब्रह्मपुत्र नदी में क्रूज पर पीएम मोदी की छात्रों से 'परीक्षा पर चर्चा', तनाव से निपटने के दिए टिप्स

**गुवाहाटी, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम दौरे के दूसरे दिन आज सुबह ब्रह्मपुत्र नदी में क्रूज शिप पर सवार होकर छात्रों से संवाद किया। यह खास संवाद 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया, जिसमें असम के विभिन्न जिलों से चुने गए 25 छात्रों ने हिस्सा लिया। पीएम ने छात्रों को तनाव से निपटने के लिए कुछ खास उपाय बताए। प्रधानमंत्री करीब 45 मिनट तक तीन मंजिला क्रूज शिप 'एम वी चराइदेव-2' पर छात्रों से बातचीत करते नजर आए। यह कार्यक्रम हाल ही में उद्घाटित गुवाहाटी गेटवे टर्मिनल (इनलैंड वॉटर ट्रांसपोर्ट) से शुरू हुआ, जहां से पीएम फ्लोटिंग ब्रिज के जरिए क्रूज तक पहुंचे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र कामरूप मेट्रोपॉलिटन, मोरीगांव, डिब्रूगढ़, कछार, श्रीभूमि, बक्सा, दीमा हसाओ, कोकराझार, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग और नलबाड़ी जिलों से चुने गए हैं। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 2018 से हर साल आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के तनाव से निपटने में मदद करना और पढ़ाई के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान पीएम मोदी छात्रों को बोर्ड और प्रवेश परीक्षाओं को शांत मन से देने, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच जैसे विषयों पर मार्गदर्शन देते हैं।



पीएम मोदी ने गुवाहाटी के शहीद स्मारक क्षेत्र में असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### जनक्रांति आंदोलन को लेकर जिले की सीमाएं सील

# हरदा में जुटे करणी सेना के 20 हजार लोग, भारी पुलिस बल तैनात

**हरदा, एजेंसी**

हरदा में आज से शुरू हुए करणी सेना के जनक्रांति आंदोलन को लेकर प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। प्रदर्शन जिला मुख्यालय स्थित नेहरू स्टेडियम में किया जा रहा है। इसके लिए 20 हजार से ज्यादा लोग जमा हुए हैं। कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पूरे शहर में कड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन ने जिले में पांच स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की है। यह व्यवस्था प्रदर्शन स्थल से लेकर जिले के सभी प्रवेश और निकास मार्गों तक प्रभावी रहेगी। बाहर से बुलाए गए पुलिस बल को ठहराने के लिए शहर के करीब 30 होटल और धर्मशालाओं को प्रशासन ने अपने कंट्रोल में लिया है। करणी सेना परिवार अपनी लंबे समय से लंबित कई मांगों को लेकर यह आंदोलन कर रहा है। उनकी मांगों में न्यायिक जांच, दर्ज केस की वापसी, आरक्षण और भर्ती प्रक्रिया में सुधार, आर्थिक आधार पर आरक्षण, किसानों की समस्याएं, बिजली बिल, स्मार्ट मीटर, शिक्षा, रोजगार, महिला सुरक्षा, गो-संरक्षण, पूर्व सैनिकों और मीडिया कर्मियों से जुड़े मुद्दे शामिल हैं।

**मेट्रो एंकर**

### भ्रूण का विकास हो रहा प्रभावित, दिल्ली में रोजाना कैंसिल हो रहे आईवीएफ के मामले

# जहरीली हवा का प्रजनन क्षमता पर असर.. गर्भपात के मामले भी बढ़े

**नईदिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली-एनसीआर में जहरीली हवा का जानलेवा प्रदुषण अब सिर्फ सांस और दिल की बीमारी तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसका सीधा असर महिलाओं की प्रेग्नेंसी और प्रजनन क्षमता पर भी दिखने लगा है। खतरनाक स्तर पर पहुंचे एक्यूआई से अस्पतालों में गर्भपात (मिसकैरेज) के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। स्थिति यह है कि आईवीएफ के एक दिन में 10 से 15 मामले कैंसल हो रहे हैं, जिसकी वजह से डॉक्टरों की चिंता और प्रेग्नेंट महिलाओं की मुसीबत बढ़ गई है। इंडियन सोसायटी ऑफ असिस्टेट रिप्रोडक्शन की वाइस प्रेजिडेंट स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवानी सचदेव गौर ने बताया कि ओपीडी में हर दिन खांसी, जुकाम-सर्दी और बुखार की शिकायत लेकर प्रेग्नेंट महिलाएं आ रही हैं। यह



दिवाली के बाद से अचानक बढ़ गया है। सबसे ज्यादा दिक्कत आईवीएफ का ट्रीटमेंट लेने वाली महिलाओं को झेलनी पड़ रही है। स्थिति यह है कि एक दिन में 10 से 15 सर्जरी के केस कैंसल किए जा रहे हैं। हर मरीज परेशान है। डॉक्टर इसलिए दिक्कत में हैं क्योंकि क्योंकि जिस दिन उन्हें सर्जरी का टाइम दिया गया होता है, उस दौरान उन्हें प्रदुषण की वजह से बुखार या फिर खांसी या अन्य शिकायतें होती हैं। जिससे वह दवा लेना बंद कर रही हैं । उन्होंने बताया किप्रदुषण की वजह से आईवीएफ सर्जरी रद्द हो रही हैं। इससे प्रेग्नेंट महिलाओं का इलाज प्रभावित हो रहा है। डॉ. गौर ने सरकार से अपील की है कि दिल्ली में पल्यूशन के बढ़ते खतरे को कम करने के सख्त कदम उठाए जाएं। डॉक्टरों की सलाह है कि, सांस फूलना, सीने में दर्द, घरघराहट, लगातार खांसी , चक्कर आना, दिल की धड़कन तेज लगना या अत्यधिक थकान के लक्षण दिखें तो तत्काल डॉक्टर को दिखाएं। वही, डॉ मनन गुप्ता बताते है कि पल्यूशन की वजह से बच्चों के फेफड़े और दिमाग का विकास प्रभावित होता है। साथ ही प्रेग्नेंट महिलाओं में कम वजन के बच्चे या फिर समय से पहले प्रसव का खतरा बढ़ जाता है।

### ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन बढ़ा रहे सूक्ष्म कण

एलांटिस हेल्थकेयर, नई दिल्ली के चेयरमैन और स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मनन गुप्ता बताते हैं कि एक्यूआई 500 से ऊपर होने पर हवा में मौजूद सूक्ष्म कण शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन बढ़ा देते हैं। इसका असर गर्भठहरने, भ्रूण के विकास और गर्भ को बनाए रखने की क्षमता पर पड़ता है। इसके अलावा इससे आईवीएफ में इम्प्लांटेशन फेल होने, शुरुआती मिसकैरेज और समय से पहले प्रसव का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।



## शहरी विकास पर मंथन

# केंद्र से मिलने वाला बजट समय पर उपयोग करें, निपटा लें पुराने काम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि साल 2047 तक भारत की शहरी आबादी अनुमान के मुताबिक कुल आबादी की 50 प्रतिशत तक हो जाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए शहरी विकास पर अमल करना होगा। उन्होंने राज्यों से ये भी कहा कि विकास के लिए केन्द्र सरकार से मिलने वाली बजट राशि का पूरा उपयोग समय पर किया जाए, ताकि तेजी से काम हो सकें।

राजधानी में आयोजित मप्र, छग, राजस्थान और यूपी के शहरी विकास मंत्री, राज्य मंत्री, भारत सरकार एवं राज्यों के अधिकारियों की बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शहरी विकास मुख्य रूप से राज्य और स्थानीय निकायों का काम है, केंद्र सिर्फ सहयोगी भूमिका में हैं। केंद्र राज्यों के बीच संवाद, उन्हें नई तकनीक देने व नागरिक सुविधाओं के विकास में ही सहायता करता है। उन्होंने साफ़ कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के लिए तेजी से शहरों का विकास होना चाहिए, फिर ये केंद्र की मदद से हो, राज्य के फंड से या उधार लेकर। केंद्रीय मंत्री खट्टर ने कहा कि कई बार केंद्र राज्यों को बजट तो दे देता है, पर कई कारणों से वो समय पर उपयोग में नहीं आता, इस प्रवृत्ति को बदलना होगा। उन्होंने अमृत और पीएम आवास जैसी योजनों के उदाहरण दिए। पीएम आवास योजना को केंद्र की फ्लैगशिप स्कीम बताकर खट्टर ने योजना के तहत मकानों के कई बार आवंटन नहीं होने पर चिंता जताई। चर्चा में केंद्र के अधिकारियों ने बायो सीएनजी प्लांट जैसे कामों को जल्द आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। एसीएस नगरीय प्रशासन संजय दुबे ने बताया कि मप्र पीएम आवास योजना में देश के टॉप 3 राज्यों में है।

## आईएएस सर्विस मीट का तीसरा दिन

# 18 किमी की साइकिलिंग रेस में प्रतिभागियों ने दिखाया दम, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी भोपाल में 19 दिसंबर से शुरू हुए आईएएस सर्विस मीट का आज आखिरी दिन है। दिन की शुरुआत 18 किमी के साइक्लोथॉन साइकिलिंग इवेंट से हुई, जिसमें प्रशासनिक अफसरों के साथ उनके परिजन भी शामिल हुए। साइकिलिंग रैली अरेरा क्लब से शुरू होकर सीएम हाउस, वन विहार नेशनल पार्क और सैर सपाटा होते हुए वापस आयोजन स्थल पर आकर संपन्न हुई।

इस साइक्लोथॉन में अफसरों सहित कुल 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सबसे कम उम्र की प्रतिभागी 11 वर्षीय अरण्य चौहान रहीं, जिनकी भागीदारी ने आयोजन को खास बना दिया। प्रतियोगिता में पारीकी पांडला अक्षर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 38 मिनट में रेस पूरी कर पहला स्थान हासिल किया।




**अफसरों ने पुशअप्स लगाए**

यह इस वर्ष के आईएएस सर्विस मीट साइकिलिंग इवेंट का सर्वश्रेष्ठ समय भी रहा। उनकी जीत का जश्न साथियों और अन्य अफसरों ने सम्मानस्वरूप पुश-अप्स लगाकर मनाया। दूसरे स्थान पर शिवराज सिंह वर्मा (एडिशनल कमिश्नर भोपाल) और अभय सिंह संयुक्त रूप से रहे, जिन्होंने 45 मिनट में रेस पूरी की। वहीं तीसरा स्थान ईशान सुमन सिंह को मिला, जिन्होंने 47 मिनट में रेस पूरी की। आयोजकों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस बार प्रतिभागियों की संख्या और उत्साह दोनों अधिक रहे। खासतौर पर 11 साल की बच्ची की भागीदारी ने इस आयोजन को प्रेरणादायक बना दिया। बता दें आईएएस सर्विस मीट के दूसरे दिन बोट क्लब में बोट रेस का आयोजन हुआ। बड़े तालाब में आयोजित बोट रेस में चार हाउस रेड, ब्लू, ग्रीन और यलो के अधिकारी और उनके परिजन कड़ाके की ठंड में उत्साह के साथ शामिल हुए। 200 मीटर की दूरी वाली रेस में प्रत्येक टीम में तीन वयस्क पुरुष, एक अनुभवी खिलाड़ी, एक महिला और एक बच्चा शामिल थे, साथ ही चार सपोर्ट सदस्य एक गाइड और एक ड्रमर भी टीम के साथ थे। बोट रेस के दौरान डीजे की धुनों और गीत-संगीत ने माहौल को और रंगीन बना दिया। सुबह लहरों के बीच रेस और मौज-मस्ती के बाद अधिकारी अरेरा क्लब में दिनभर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इसके साथ ही चारों हाउस के तहत कुकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

### अवॉर्ड सेरेमनी शाम को

दिनभर अरेरा क्लब में खेल कूद प्रतियोगिताएं चलेंगी और शाम को अवॉर्ड सेरेमनी में अलग-अलग हाउस में जीतने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सर्विस मीट के पहले दिन आईएएस अधिकारियों और उनके परिजनों ने गीत-संगीत और डांस के जरिये अपनी कला का प्रदर्शन किया। साथ ही बोट क्लब में हुई रेस के दौरान आईएएस अफसरों ने हाथों से चप्पू चलाकर बड़े तालाब में मस्ती और धमाल मचाया। इसके अलावा पहले और दूसरे दिन लगातार खेल प्रतियोगिताएं भी हुईं। मुख्य सचिव अनुराग जैन भी इसमें शामिल हुए और क्रिकेट का आनंद लेते हुए शॉट मारे हैं।

# स्मार्ट सिटी से बोट क्लब तक निकली 14 किमी की देशभक्ति बाइक रैली



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

देश की सुरक्षा में तैनात वीर जवानों और सुरक्षाबलों के सम्मान में रविवार को राजधानी भोपाल में राइड फॉर रेस्पेक्ट 2.0 का आयोजन किया गया। द ऑटोएडवाइजर और सलोनी ग्रामीण सोसाइटी के संयुक्त देखरेख में निकाली गई यह सामाजिक जागरूकता बाइक रैली ने राष्ट्रभक्ति, एकता और सम्मान का संदेश दिया। रैली का शुभारंभ सुबह 8 बजे स्मार्ट सिटी क्षेत्र से हुआ, जो करीब 14 किलोमीटर का सफर तय करते हुए बोट क्लब पर संपन्न हुई। बड़ी संख्या में युवाओं, बाइक प्रेमियों और जागरूक नागरिकों ने इसमें भाग लिया। प्रतिभागियों ने हेलमेट पहनकर, अनुशासित ढंग से और यातायात नियमों का पालन करते हुए रैली में हिस्सा लिया। आयोजकों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य केवल एक रैली निकालना नहीं, बल्कि समाज में देशभक्ति, जिम्मेदार वाहन संचालन और सुरक्षाबलों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना है। रैली के दौरान वी सल्यूट आवर हीरोज, रिस्पेक्ट द नेशन जैसे नारों और तिरंगे के साथ शहर की सड़कों पर देशप्रेम का माहौल दिखाई दिया। आयोजक टीम का कहना है कि राइड फॉर रिस्पेक्ट आने वाले समय में भी एक जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ेगा, ताकि नई पीढ़ी में राष्ट्र के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना और मजबूत हो सके।

# 'हमारे राम में' रावण की भूमिका करते नजर आएंगे अभिनेता आशुतोष राणा

## रवींद्र भवन में दो दिवसीय नाटक का मंचन 27 को होगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

फेलिसिटी थिएटर द्वारा प्रस्तुत रामायण आधारित नाटक 'हमारे राम में' रावण की भूमिका में करते नजर आएंगे अपनी सशक्त आवाज और दमदार अभिनय करने वाले आशुतोष राणा। यह आयोजन रवीन्द्र भवन सभागार में 27 और 28 दिसंबर को होगा। नाटक का निर्देशन गौरव भारद्वाज ने किया है। बता दें नाटक दर्शकों को रामायण के उन अध्यायों से रूबरू कराता है, जिन्हें कम ही देखा गया है। प्रस्तुति का संगीत भी खास आकर्षण का कारण होगा। जिसे कैलाश खेर, शंकर महादेवन और सोनू निगम ने नाटक के लिए विशेष रूप से तैयार किया है। आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, एलईडी बैकड्रॉप, हवाई अभिनय, विशेष प्रभाव और 50 से अधिक कलाकारों की टोली इस मंचन को भव्य बनायेगी।नाटक के माध्यम से रामायण के कुछ



ऐसे अनदेखे और अनकहे प्रसंगों को मंच पर उतारा जायेगा, जो इसे अन्य प्रस्तुतियों से अलग बनाते हैं। नाटक में भगवान राम की भूमिका में राहुल आर भुचर, हनुमान के रूप में दानिश अख्तर, शिव की भूमिका में तरुण खन्ना, माता सीता के रूप में अमृता परिहार और सूर्य देव की भूमिका में करण शर्मा दिखाई देंगे। साथ ही कई अनुभवी रंगकर्मी भी मंच पर नजर आएंगे। कहानी की शुरुआत लव कुश और भगवान राम के संवाद से होती है, जिसमें माता सीता को लेकर उठे सवालों के माध्यम से राम सीता के जीवन, प्रेम, संघर्ष और विजय की कथा सामने आती है।

## शहीद भवन में नाटक मेरी यात्रा अटल यात्रा का मंचन

# अटल जी के व्यक्तित्व को मंच पर उतारा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहीद भवन के सभागार में एकल नाट्य प्रस्तुति मेरी यात्रा अटल यात्रा का मंचन किया गया। नाटक में अटलजी के संघर्ष, संकल्प और देशप्रेम को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। अभिनेता विपिन कुमार ने अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभाते हुए उनके व्यक्तित्व की गंभीरता, संवेदना और ओज को मंच पर उतारा। नाटक में प्रस्तुत कविताओं और विचारों के माध्यम से अटलजी का जीवन दर्शन दर्शकों तक सीधे पहुंचा। संवाद, कविता और भावाभिनय के माध्यम से दर्शकों ने अटलजी को केवल राजनेता नहीं, बल्कि कवि हृदय और राष्ट्र को समर्पित व्यक्तित्व के रूप में महसूस किया। नाटक में अटल जी की कविता हार नहीं मानूंगा, रार नई ठानूंगा जैसी पंक्तियों पर सभागार में बैठे दर्शकों की नजरें मंच पर टिकी रही। मानो स्वयं



अटल अपनी कविता को कहते हुए दर्शक के समक्ष हैं। प्रस्तुति में प्रकाश और संगीत का संयमित प्रयोग नाटक की आत्मा को और गहराई देता नजर आया। एकल अभिनय की चुनौती को कलाकार ने पूरे आत्मविश्वास के साथ निभाया। नाटक में अटलजी की शुरुआती संघर्ष यात्रा से लेकर उनके राष्ट्रनायक बनने तक के पड़ावों को प्रभावी दृश्यात्मक भाषा में प्रस्तुत किया गया। नाटक का लेखन निर्देशन और निर्माण चंद्रभूषण सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने अटलजी को एक विचार और एक युग की आवाज के रूप में मंच पर प्रस्तुत किया।

# कार से 19 पेटी पकड़ी फिर गोदाम में मिली 60 लाख की शराब, सील

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अशोका गार्डन इलाके में क्राइम ब्रांच द्वारा शुक्रवार की रात अवैध शराब पकड़ना और गोदाम सील किया जाना सवालों के घेरे में आ गया है। क्राइम ब्रांच ने एक एक्सयूवी-300 से 19 पेटियां जब्त कर गोदाम को सील किया है। गोदाम में कुल 888 पेटियां रखी मिली थी। इनकी कीमत 60 लाख बताई जा रही है। इधर, शराब ठेकेदार ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए पुलिस कमिश्नर और सहायक आबकारी आयुक्त से शिकायत की है। ठेकेदार का कहना है कि गोदाम से दुकान तक शराब की पेटी ले जाने के लिए गाड़ी गोदाम में खड़ी रहती है। रात में कुछ पुलिसकर्मी जबरदस्ती गोदाम में घुसे और गाड़ी में शराब की पेटियां रखकर उसे ले जा रहे हैं। साथ में ड्राइवर, चौकीदार और गोदाम इंचार्ज को भी ले गए थे। ठेकेदार ने गाड़ी छोड़ने और गोदाम की सील मुक्त कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आबकारी विभाग से जारी परमिट और भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट मांगी गई है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक सूचना मिली थी कि अशोका गार्डन क्षेत्र में एकतापुरी मैदान के पास काले रंग की कार से अवैध रूप से शराब का परिवहन किया जा रहा है। काले रंग की महिंद्रा एक्सयूवी-300 कार खड़ी मिली। कार में बैठे रतन कॉलोनी करोंद निवासी राजेश मीणा और राजीव नगर, कोटरा सुल्तानाबाद निवासी रामा अहिरवार को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया। तलाशी लेने पर गाड़ी से 19 पेटियों में भरी अंग्रेजी शराब और बियर बरामद हुई।

**मेट्रो एंकर**

## एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में 835 विद्यार्थियों व 29 शोधार्थियों को मिली डिग्री

# ज्ञान की कोई सीमा नहीं, इससे हर क्षेत्र में मिलती है सफलता



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोलार रोड स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंडरग्रैजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट के 835 विद्यार्थियों के साथ 29 शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान 34 गोल्ड मेडल और एक मेमोरियल मेडल देकर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चांसलर जय नारायण चौकसे ने कहा कि ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती और अच्छे मनुष्य बनने से हर क्षेत्र में सफलता मिलती है। इसमें शिक्षा और ढेरों उपलब्धि का उत्सव देखने को मिला। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और बड़े सपने देखने को कहा। समारोह में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री अरुण सिंह विशेष अतिथि के रूप में मंच पर मौजूद रहे। समारोह के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली पांच विभूतियों को मानक उपाधि प्रदान की गई। इनमें राजनीतिज्ञ सतीश मालवीय, एनएफआइटीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक जायसवाल, दिव्यांगजन पुनर्वास विशेषज्ञ मनोज कुमार पांडे, आध्यात्मिक क्षेत्र से ब्रह्मऋषि सच्चिदानंद स्वामी और केगर के डायरेक्टर रवीश रोशन शामिल रहे। एलएनसीटी ग्रुप के सेक्रेटरी डॉ अनुपम चौकसे ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देना है। राज्य मंत्री कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा और एमपी प्राइवेट यूनिवर्सिटी रेगुलेटरी कमिशन के अध्यक्ष डॉ खेम सिंह डहरिया भी समारोह में शामिल हुए।

# पम रेलवे का इस वर्ष बेहतर प्रदर्शन 5675 करोड़ रुपए का राजस्व मिला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

यात्री सुविधाओं और राजस्व वृद्धि के लिए पश्चिम मध्य रेल द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन, उनकी अवधि का विस्तार, प्रतीक्षा सूची को कम करने के लिए अतिरिक्त कोचों की व्यवस्था तथा प्रायोगिक ठहराव की अवधि बढ़ाने जैसे कदम उठाए गए हैं। पश्चिम मध्य रेलवे ने इस वर्ष अप्रैल से नवंबर माह तक बेहतर प्रदर्शन कर 5675 करोड़ 36 लाख का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है। यह उपलब्धि पिछले वर्ष की समान अवधि में अर्जित 5268 करोड़ 79 लाख रुपये की तुलना में 7.72 प्रतिशत अधिक है। राजस्व के मदवार विवरण के अनुसार यात्री यातायात से 1704 करोड़ 13 लाख रुपये, माल यातायात से 3693 करोड़ 94 लाख रुपये, अन्य कोचिंग मद से 122 करोड़ 11 लाख रुपये तथा विविध



(संड्री) आय से 155 करोड़ 18 लाख रुपये की कमाई हुई है। मंडलवार देखें तो जबलपुर मंडल ने 3382 करोड़ 84 लाख रुपये के साथ सर्वाधिक योगदान दिया, जबकि भोपाल मंडल ने 1237 करोड़ 05 लाख और कोटा मंडल ने 1055 करोड़ 47 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया। माल गोदामों में चौबीसों घंटे लोडिंग-अनलोडिंग, नए माल गोदामों का विकास और गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल व साइडिंग के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### पॉक्सो के मामलों का अब तेजी से निपटारा, राष्ट्रीय दर इस साल 109 फीसदी

# मप्र में 139, छग ने 189 तो राजस्थान ने 170% की दर से निपटाए मामले

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बीते सालों की तुलना में मप्र सहित देश के कई राज्यों में पॉक्सो यानी बच्चों से जुड़े उत्पीड़न के मामलों के अदालतों में निपटारे की दर सुधरी है। साल 2025 में मप्र में यह दर 139त्न रही, जो राष्ट्रीय औसत 109% से अधिक है।

मप्र का प्रदर्शन महाराष्ट्र (90%) से बेहतर और गुजरात (138%) के बराबर रहा, जबकि पड़ोसी छत्तीसगढ़ (189त्न) और राजस्थान (170%) से कमतर रहा। ये आंकड़े 250 एनजीओ की प्रतिनिधि संस्था इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की पहल पर सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंड बिहेवियर चेंज फॉर चिल्ड्रन के शोध में सामने आए हैं।

शोध के मुताबिक, मप्र में साल 2025 में पॉक्सो कानून के तहत 3973 मामले दर्ज हुए, जबकि अदालतों ने 5503 मामलों का निपटारा किया, जिसमें पुराने लंबित मामलों का बड़ा हिस्सा शामिल है। सी-लैब फॉर चिल्ड्रन की रिपोर्ट 'पेंडेंसी टू प्रोटेक्शन- अचीविंग द टिपिंग पॉइंट टू जस्टिस फॉर चाइल्ड विक्टिम्स ऑफ सेक्सुअल एब्यूज' के अनुसार देश में 2025 में बच्चों के यौन शोषण से जुड़े 80,320 मामले दर्ज हुए और 87,754 मामलों का निपटारा किया गया।

## चिंता- बीते साल 15 फीसदी मामलों में ही सजा

रिपोर्ट के मुताबिक अब मामले तेजी से निपटारे कि और जा रहे हैं, पर बड़ी संख्या में मामले सालों से अभी भी न्याय की राह देख रहे हैं। मप्र में लंबित मामलों में 3त्न तो 6-10 साल से, 6% तो 5 साल से, 12% ऐसे हैं जो 4 साल से, वहीं, 30 त्न प्रकरण 3 साल से और शेष 48 प्रतिशत मामले 2 साल से लंबित हैं। वहीं, साल 2024 में मप्र में महज 15 % में सजा मिल सकी, बाकी में आरोपी छूट गए। सात राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मामलों के निपटान की दर 150 % से अधिक रही, तो अन्य सात राज्यों में यह दर 121 से 150 % के बीच रही।



## कार्यशैली में सकारात्मक बदलाव

शोध-इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन के निदेशक पुरुजीत प्रहराज ने कहा कि मप्र में पॉक्सो मामलों का अधिक निपटारा यह संकेत देता है कि न्याय प्रणाली की कार्यशैली में एक स्पष्ट और सकारात्मक बदलाव आया है। यदि यही गति रही, तो समय पर और बच्चों के हित में न्याय देना अपवाद नहीं, बल्कि सामान्य व्यवस्था बन सकेगा। मप्र जैसे राज्य बेहतर कर रहे हैं। पुराने केसों के निपटारे में और तेजी लाई जाना चाहिए।

### ग्वालियर में 25 को अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट, शाह होंगे शामिल

# औद्योगिक परियोजनाओं का होगा लोकार्पण देशभर के बिजनेस लीडर भी करेंगे शिरकत

## स्व. अटल जी की योगदान पर लगेगी प्रदर्शनी

## ग्वालियर मेला ग्राउंड में आयोजित होगा कार्यक्रम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ग्वालियर में 25 को अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट आयोजित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के नागरिकों को नए निवेश के माध्यम से रोजगार दिलवाने का कार्य निरंतर चल रहा है। इस क्रम में ग्वालियर में 25 दिसम्बर को अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट एक अभिनव प्रयास होगा। जिसके माध्यम से उच्च रोजगार सृजन करने वाले उद्यमियों का सम्मान, औद्योगिक परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन किया जा रहा है। स्व. अटल जी की जयंती पर निवेश से रोजगार-टल संकल्प विषय पर 45 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। ग्वालियर के मेला ग्राउण्ड पर पूर्वान्ह 11.30 बजे से यह आयोजन होगा।

इस अवसर पर प्रोत्साहन राशि वितरण, भूमि आवंटन, ग्वालियर व्यापार मेले के उद्घाटन और ई-जीरो एफ.आई.आर. प्रणाली के शुभारंभ के कार्य भी होंगे। केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह, इन कार्यक्रमों में शामिल होंगे। समिट में गोदरेज इंडस्ट्रीज, ग्रीनको, वर्धमान समूह, जेके. टायर, जुपिटर वैगन्स, मैकेन फूड, डाबर इंडिया, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड सहित अनेक औद्योगिक संस्थानों के पदाधिकारी और बिजनेस लीडर शामिल होंगे।



## सीएम ने तैयारियों को लेकर दिए अहम निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक के माध्यम से अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर पुलिस महानिदेशक ए. साईं मनोहर, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर और कमिश्नर ग्वालियर से समिट की तैयारियों की जानकारी विस्तारपूर्वक प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी समारोह के समापन पर मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट-2025 भव्य प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में जहां स्व. अटल जी के जीवन और कार्यों पर आधारित चित्र शामिल किए जाएंगे, वहीं औद्योगिक परियोजनाओं के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। प्रदेश में सफल स्टार्टअप, ओडीओपी और जीआई टैग आधारित प्रदर्शन, दो लाख करोड़ की निवेश इकाइयों के विवरण के साथ ही विभिन्न उद्योगपतियों के परिचय का प्रदर्शन भी किया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों और इकाइयों के कर्मचारी उनके जीवन में रोजगार से आए सकारात्मक परिवर्तन का ब्यौरा प्रस्तुत करेंगे। बैठक में अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट के लिए विभिन्न विभागों की भूमिका, जिलों और संभागों में रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं और उद्यमियों के सम्मान और संभाग स्तर पर उद्योगों के लिए भूमि आवंटन पर भी चर्चा हुई।

## अटल जी को दी जाएगी आदरांजली

केन्द्रीय मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. यादव अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें आदरांजली देंगे। अटल जी की जयंती 25 दिसम्बर के अवसर पर उनके राष्ट्र को दिए गए योगदान पर भी चर्चा होगी।

### मप्र के 7 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए राहत,

# जारी रहेगी 5-डे वर्किंग की व्यवस्था पर नए साल में बदलेंगे कई नियम

- » दूसरे और तीसरे शनिवार का अवकाश बंद करने पर किया जा रहा था विचार
- » कोरोना महामारी के समय वर्ष 2020 से पांच कार्य दिवस की व्यवस्था लागू है

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के सात लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों के लिए सप्ताह में पांच दिन ही कार्य दिवस रहेंगे। कोरोना महामारी के दौरान लागू इस व्यवस्था में परिवर्तन की अटकलें लंबे समय से लगाई जा रही थीं लेकिन फिलहाल इसे यथावत रखने का निर्णय किया गया है। केंद्रीय कार्यालयों में पांच कार्य दिवस की व्यवस्था पहले से ही लागू है। प्रदेश में अभी शनिवार और रविवार का शासकीय अवकाश रहता है। वर्ष 2020 से पहले दूसरे और तीसरे शनिवार को कार्यालय खुले रहते थे। पहले और चौथे शनिवार को अवकाश रहता था। कोरोना महामारी के समय संक्रमण को नियंत्रित रखने के लिए सप्ताह में पांच कार्य दिवस की व्यवस्था बनाई गई थी। यह अभी जारी है।

**विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की समिति बनाई गई-** छुट्टियों पर पुनर्विचार के लिए सामान्य प्रशासन, वित्त, गृह और राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की समिति बनाई गई। इसका उद्देश्य स्वैच्छिक सहित जो कर्मचारियों को प्रति वर्ष मिलने वाले अन्य अवकाश पर पुनर्विचार करना है। उधर, वर्ष 2026 के लिए अवकाश घोषित करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसमें कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है।



## बदलाव के पक्ष में नहीं कर्मचारी

कर्मचारी इसके पक्ष में नहीं हैं। सभी का कहना है कि अब जो व्यवस्था बन गई है, उसमें कर्मचारी रच-बस गए हैं इसलिए परिवर्तन का अधिक औचित्य भी नहीं है। दशहरा के एक दिन पहले अवकाश के प्रस्ताव को नहीं मिली थी स्वीकृति दशहरा के एक दिन पहले भोपाल में सरकारी छुट्टी के जिला प्रशासन का प्रस्ताव सामान्य प्रशासन विभाग ने आगे बढ़ाया था लेकिन मुख्य सचिव की हरी झंडी नहीं मिली। दरअसल, अक्टूबर में अवकाश अधिक थे। शासकीय कार्य प्रभावित न हो, इसलिए प्रस्ताव लौटा दिया गया।

## अवकाश नियमों में भी किया गया है संशोधन

राज्य में मध्य प्रदेश सिविल सेवा (अवकाश) नियम 1977 लागू था। इसमें वर्तमान स्थितियों को देखते हुए परिवर्तन किए गए हैं, जो एक जनवरी 2026 से लागू होंगे। संतान पालन अवकाश (चाइल्ड केयर लीव) प्रथम 365 दिन पूर्ण वेतन के साथ मिलेगी, जबकि दूसरी बार में 80 प्रतिशत वेतन का भुगतान होगा। 18 वर्ष तक के बच्चे के लिए अवकाश स्वीकृत किया जा सकेगा। अभी तक दो साल का अवकाश लेने तक वेतन कटौती का प्रावधान नहीं था, लेकिन संशोधित नियम में रखा गया है। एक वर्ष में तीन बार से अधिक अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। एकल महिला को एक कैलेंडर वर्ष (एक जनवरी से 31 दिसंबर) में छह बार अवकाश की पात्रता रहेगी।

### कान्हा टाइगर रिजर्व के नए नियम

# कोर जोन में मोबाइल फोन बैन, नहीं खींच सकेंगे फोटो



**मंडला/ भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मंडला के कान्हा टाइगर रिजर्व के कोर पर्यटन क्षेत्र में मोबाइल फोन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट, नई दिल्ली द्वारा 17 नवंबर 2025 को पारित आदेश के बिंदु क्रमांक 48.5 के अनुपालन में लिया गया है। न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि टाइगर रिजर्व के कोर हैबिटेट में स्थित पर्यटन क्षेत्रों में मोबाइल फोन का इस्तेमाल प्रतिबंधित किया जाए। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद पीसीसीएफ (वाइल्डलाइफ) द्वारा प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व को आदेश जारी किए गए थे। इन्हीं निर्देशों के तहत अब कान्हा टाइगर रिजर्व प्रशासन ने कोर ज़ोन में मोबाइल फोन पर पूरी तरह प्रतिबंध लागू कर दिया है। पर्यटक, गाइड और ड्राइवर सभी पर लागू होगा आदेश

## होटल व लॉज संचालक

किसी भी स्थिति में मोबाइल फोन का उपयोग नहीं कर सकेंगे। सफारी के दौरान मोबाइल फोन अपने पास रखना भी नियमों के उल्लंघन की श्रेणी में आएगा।

## पर्यटकों में नाराजगी

मोबाइल प्रतिबंध की खबर सामने आते ही पर्यटकों में नाराजगी देखी गई। कई पर्यटकों का कहना है कि उनके पास महंगे कैमरे नहीं होते और वे मोबाइल फोन से ही फोटो व वीडियो बनाकर अपनी यादें संजोते थे।

## वन विभाग का पक्ष

कान्हा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ने बताया कि यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत लिया गया है। उन्होंने कहा कि पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ के निर्देशों का पालन करते हुए कोर पर्यटन क्षेत्र में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उद्देश्य वन्यजीवों की सुरक्षा और उनके प्राकृतिक आवास को संरक्षित रखना है।

## विशेषज्ञों का समर्थन

वन्यजीव विशेषज्ञ एवं सेवानिवृत्त रिसर्च ऑफिसर डॉ. राकेश शुक्ला ने इस फैसले का समर्थन किया है। उनका कहना है कि कोर ज़ोन में मोबाइल जैसे उपकरणों से दूरी जरूरी है। यह निर्णय वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

## क्यों लगाया गया मोबाइल पर बैन

- » वन विभाग के अनुसार मोबाइल फोन के उपयोग से वन्यजीवों के प्राकृतिक व्यवहार में बाधा उत्पन्न होती है।
- » कैमरा फ्लैश और वीडियो रिकॉर्डिंग से जानवर विचलित होते हैं।
- » रिंगटोन और बातचीत से जंगल का शांत वातावरण प्रभावित होता है।
- » इन्हीं कारणों को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कोर ज़ोन को मोबाइल-फ्री रखने के निर्देश दिए थे।

### मप्र बोर्ड 5वीं-8वीं परीक्षा की तारीखें घोषित...

# 60 अंक का पेपर, 40 अंक का होगा इंटरनल असेसमेंट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश बोर्ड के सरकारी व निजी स्कूलों की पांचवीं-आठवीं की परीक्षाएं 20 फरवरी से होनी हैं। प्रत्येक विषय में 60 अंक का प्रश्न पत्र और 20 अंक का आंतरिक मूल्यांकन होगा। वहीं, 20 अंक छमाही और तिमाही के प्राप्तांक के अधिभार पर दिए जाएंगे। स्कूलों को यह कार्य जनवरी तक पूरा करना होगा। राज्य शिक्षा केंद्र ने समय-सारिणी जारी कर दी है। इसके




अनुसार पांचवीं की परीक्षा 20 से 26 फरवरी तक और आठवीं की 20 से 28 फरवरी तक चलेंगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं दोपहर दो बजे से 4.30 बजे तक एक ही पाली में होंगी। राज्य शिक्षा केंद्र ने स्कूलों को जनवरी तक पोर्टल पर जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। सरकारी स्कूलों में ये परीक्षाएं एससीईआरटी पाठ्यक्रम के आधार पर कराई जाएंगी। जबकि, जिन निजी स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम आधारित भाषा की पाठ्य पुस्तकें लागू हैं, उन विद्यार्थियों के प्रथम, द्वितीय, तृतीय भाषा की परीक्षा एनसीईआरटी पाठ्यक्रम आधारित होंगी। निजी स्कूलों को भाषा के प्रश्न पत्र के लिए एनसीईआरटी और एससीईआरटी का विकल्प चयन करना है। शिक्षकों को आंतरिक मूल्यांकन के अंक पांच फरवरी तक ऑनलाइन करने हैं।

### मप्र पुलिस को 57 मोबाइल फोरेंसिक वैन मिलीं

# 24 किट से लैस है एमएफवी, चंद घंटों में मिलेगी रिपोर्ट, नहीं बच सकेंगे अपराधी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गोलीबारी, हत्या, दुष्कर्म, चोरी, गंभीर सड़क हादसों सहित अन्य सनसनीखेज अपराधों में प्राथमिक फोरेंसिक रिपोर्ट अब चंद घंटों में मिल सकेगी। घटनास्थल से जुटाए गए वैज्ञानिक साक्ष्य भी पूर्णतः सुरक्षित रहेंगे। इसकी वजह पुलिस को मिलीं मोबाइल फोरेंसिक वैन हैं। एफआरवी (फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल) की तर्ज पर पुलिस की मोबाइल फोरेंसिक वैन भी अब घटनास्थलों पर दिखाई देगी। हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पहले चरण में 57 मोबाइल फोरेंसिक वैन को हरी झंडी दिखाई।

**24 किट से लैस है एमएफवी-** फिंगरप्रिंट, फुटप्रिंट, टायर मार्क, सीमन किट, स्वाब किट, डीएनए किट, रक्त पहचान किट, बाल पहचान किट, विस्फोटक पहचान किट, नशीली दवा और मादक पदार्थ पहचान किट, बेइंग बैलेंस



किट, गनशाट-बुलट होल किट, हाईइंटेंसिटी फोरेंसिक लाइट किट सहित 24 तरह की किट से मोबाइल फोरेंसिक वैन लैस है। इसमें डीएसएलआर कैमरा, वीडियो रिकॉर्डर, बॉडी वार्न कैमरे, ऑडियो रिकॉर्डर, थर्मल प्रिंटर, एलईडी स्क्रीन जैसे उपकरण भी उपलब्ध होंगे। अब डिजिटल फोरेंसिक का किसी भी घटना में महत्वपूर्ण स्थान है। डिजिटल साक्ष्य जैसे रिकॉर्डिंग, सीसीटीवी फुटेज, वीडियो रिकॉर्डिंग, फोटो व अन्य डिजिटल साक्ष्य को एकत्रित कर प्रारंभिक रिपोर्ट भी दी जा सकेगी।

## नेशनल फोरेंसिक यूनिवर्सिटी ने तैयार किया

मोबाइल फोरेंसिक वैन को गुजरात के गांधीनगर स्थित नेशनल फोरेंसिक यूनिवर्सिटी ने तैयार किया है। मप्र में 213 फोरेंसिक वैन पुलिस को दी जाएंगी। पहले चरण में करीब 37 करोड़ रुपये से 57 फोरेंसिक वैन मंगा ली गई हैं। मोबाइल फोरेंसिक वैन आते ही घटनास्थलों पर रियल टाइम वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित होंगे। साक्ष्य की गुणवत्ता और इसके सैंपल की जांच रिपोर्ट की विश्वसनीयता बढ़ेगी। मोबाइल फोरेंसिक वैन के जरिये घटनास्थल से ही रक्त, बाल व अन्य साक्ष्य एकत्रित किए जा सकेंगे। इससे विवेचाना और अपराधियों को सजा दिलाने में आसानी होगी। अभी फोरेंसिक लैब में महीनों तक रिपोर्ट पेंडिंग रहती हैं। प्रारंभिक रिपोर्ट तक नहीं आ पाती।

**मेट्रो एंकर**

### अंतर्राष्ट्रीय वन मेले में मप्र के उत्पादों पर लोगों की दिखी रुचि

# दुर्लभ जड़ी-बूटियों के स्टॉल्स पर उमड़ी सैलानियों की भीड़

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अंतर्राष्ट्रीय वन मेले में प्रदेश के वनांचलों से जिला यूनियनों, प्राथमिक वनोपज समितियों और वन धन केन्द्रों द्वारा लाई गई शुद्ध जड़ी-बूटियों और उनसे निर्मित उत्पादों में लोगों की भारी रुचि देखी गई। एम.एफ.पी. पार्क की प्रदर्शनी में गुणवत्ता युक्त और नवीन उत्पादों तथा उनकी आकर्षक पैकेजिंग ने आगंतुकों को आकर्षित किया। चौथे दिन दोपहर तक 68 लाखरूपये से अधिक मूल्य की जड़ी-बूटियों, औषधियों और अन्य वन उत्पादों की बिक्री हुई। मेले में अकाष्ठीय वनोपज से सामुदायिक विकास 'वनों की समृद्धि को सामुदायिक जन कल्याण से जोड़ना' विषय पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की




गई। इसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री पंकज अग्रवाल ने की। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ तथा म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ की प्रबंध संचालक डॉ. समिता राजोरा उपस्थित रहीं। कार्यशाला में वनों की समृद्धि, लघु वनोपजों के संवर्धन एवं संरक्षण के संबंध में उपस्थित विषय विशेषज्ञों द्वारा अपने अनुभव एवं विचार प्रस्तुत किये गये।

बूदनी स्टॉल पर लकड़ी से बने खिलौने और रसोई उपयोग की सामग्रियों की खरीदी में भी लोगों ने उत्साह दिखाया। फूड जोन में पश्चिम छिंदवाड़ा की वनभोज रसोई, अलीराजपुर का दाल-पानियां और बांधवगढ़ के व्यंजन लोगों को देर रात तक लुभाते रहे। आयुर्वेदिक चिकित्सा की बढ़ती लोकप्रियता के कारण मेले में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविरों में आयुर्वेद चिकित्सक और पारंपरिक वैद्य लगातार लोगों को परामर्श दे रहे हैं। शनिवार को शालेय विद्यार्थियों की चित्रकला प्रतियोगिता में 10 विद्यालयों के लगभग 260 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अपरान्ह में बुंदेली गायन, राजस्थानी लोक नृत्य, और शाम 5:30 बजे से सरगम म्यूजिकल ग्रुप की ऑर्केस्ट्रा प्रस्तुति हुई। इसके बाद फ्लैश मॉब और वन विभाग की प्रस्तुति 'फॉरेस्ट मेलोडी' ने सैलानियों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को डॉ. समिता राजोरा द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।



# संडे लाइफ

भोपाल, रविवार, 21 दिसंबर 2025

## वास्तु चर्चा

# घर में है दिशाओं का विशेष महत्व

## बदलाव से दूर होंगे दोष, सुंदरता भी बढ़ेगी



वास्तु का जिंदगी में बहुत ज्यादा महत्व होता है। अच्छाई-बुराई का ध्यान रखते हुए घर की सजावट करना सही माना जाता है। इसलिए आपको जानकारों के हवाले से यहां कुछ वास्तु बदलाव को लेकर जानकारी दी जा रही है। जिन्हें हर किसी को अपने घर में करना चाहिए। इससे ना सिर्फ किस्मत बदल सकती है बल्कि आपके घर को नया लुक भी मिलेगा। वास्तु दोष होने से घर में कई समस्याएं होने लगती हैं, बने-बनाएं काम बिगड़ जाते हैं। यहां तक कि परिवार में छोटी-छोटी बातों पर कलह भी होने लगती है। करियर के क्षेत्र में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में घर के छोटे-छोटे बदलाव भी आपकी जिंदगी में बड़ा बदलाव ला सकते हैं, इससे ना सिर्फ आपकी किस्मत बदलेगी बल्कि घर भी सुंदर दिखेगा।

दरअसल घर खरीदते समय या फिर सजावट के दौरान हम कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जो वास्तु के हिसाब से कहीं ना कहीं हमारी जिंदगी पर नराकात्मक असर करती हैं। इसलिए हम आपको कुछ बदलाव के बारे में बता रहे जिन्हें आप आसानी से कर सकते हैं, इनमें आपको किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं आएगी, साथ ही घर को नया लुक भी मिलेगा।

**घर में शीशा लगाना जरूरी:** वैसे तो हर किसी के घर में कांच होता है। लेकिन अगर नहीं लगा है तो आपको घर में एक मुख्य दर्पण या शीशा लगाने की जरूरत है। इसकी वजह से घर में पॉजिटिविटी बढ़ती है और नेगेटिव ऊर्जा खत्म होती है। इसके अलावा अगर आप घर की एक दीवार पर बड़ा सा मिरर लगाते हैं तो आपके घर का लुक भी अट्रैक्टिव बन जाएगा। घर का मुख्य दरवाजा आपकी जिंदगी पर बहुत बड़ा असर डालता है इसलिए इसे सजाते वक्त कुछ चीजों का ध्यान रखना चाहिए। माना जाता है कि दरवाजे पर ऊं या स्वास्तिक बनाने से घर में बरकत आती है। दरवाजे के सामने पौधे और फूल लगाने से वास्तु में सुधार होता है। वैसे इन दोनों ही कामों को करने से आपका मुख्य द्वार भी सुंदर दिखेगा। इसके अलावा जूते-चप्पल रखने की जगह घर के दरवाजे के आस-पास नहीं बनाना चाहिए।

**इस तरह सजाएं घर:** घर में की जाने वाली सजावट भी वास्तु दोष को दूर कर सकती है इसलिए आप प्रकृति की सुंदरता को दर्शाती तस्वीरें ही लगाएं। खूबसूरती को बढ़ाने के लिए झूमर और गुलदस्ते भी अपने घर में रख सकते हैं। इस चीजों की मदद से घर में सकारात्मकता रहती है, साथ ही आपको धूप या कपूर जलाकर चारों दिशाओं में धुआं भी करना चाहिए। अगर आपका घर इस तरह से डिजाइन है कि इसमें बिल्कुल भी धूप नहीं आती है तो यहां आपको बदलाव करने की जरूरत है।

### निर्माण कार्य के दौरान आठ दिशाओं का ध्यान

**उत्तर दिशा:** उत्तर दिशा धन के देवता कुबेर की दशा मानी जाती है। इसलिए इस दिशा में धन से जुड़े कार्य होने चाहिए। इस दिशा में तिजोरी का खुलना बहुत ही शुभ माना जाता है। इसलिए घर और दुकान की तिजोरी को उत्तर दिशा में ही रखना चाहिए।

**ईशान कोण:** उत्तर पूर्व दिशा के बीच के कोण को ईशान कोण कहते हैं। इसके स्वामी रुद्र माने गए हैं। इसलिए इस दिशा में घर का मंदिर बनाना शुभ होता है।

**पूर्व दिशा:** वास्तु शास्त्र में पूर्व दिशा के स्वामी इंद्रदेव हैं। सूर्योदय के कारण यह दिशा बहुत ही महत्वपूर्ण मानी गई है। पूर्व दिशा को खुला और साफ रखना चाहिए। इससे घर में सुख समृद्धि बनी रहती है। पूर्व दिशा में वास्तु दोष होने से घर के लोगों में मानसिक तनाव और स्वास्थ्य संबंधी परेशानी आती है।

**आग्नेय कोण:** अग्नि को पूर्व और दक्षिण दिशा के बीच को अग्नि को कहा जाता है। इसके स्वामी अग्नि देव हैं। घर की रसोई का निर्माण इसी दिशा में करना उचित माना गया है।

**दक्षिण दिशा:** वास्तु शास्त्र में दक्षिण दिशा के स्वामी यम देवता हैं। इसलिए घर के मालिक के रहने के लिए यह दिशा शुभ मानी गई है। इस दिशा में वास्तु दोष होने पर घर के मालिक को धन संपदा का नुकसान होता है।

**नैऋत्य कोण:** दक्षिण और पश्चिम दिशा के बीच नैऋत्य कोण माना गया है। इसका स्वामी राक्षस है। इस दिशा में वास्तु दोष होने से मानसिक अशांति दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

**पश्चिम दिशा:** इस दिशा के देवता वरुण देवता को माना गया है पश्चिम दिशा में व्यापार से संबंधित कार्य करने चाहिए। इस दिशा में व्यापार से जुड़े कार्य करने पर लाभ मिलता है।


**वायव्य कोण:** पश्चिम और उत्तर दिशा के बीच को वायव्य कोण कहा जाता है। इस कोण के स्वामी पवन देव हैं। इसलिए इस दिशा में बेडरूम बनाना बहुत शुभ और फलदाई माना जाता है।

## जीवन-ज्योति

सिस्टर शिवानी

# सकारात्मक ऊर्जा का आदान-प्रदान करना ज़रूरी

जीवन में रिश्तों का महत्व गहरे आध्यात्मिक और ऊर्जावान जुड़ाव पर आधारित है, जहाँ बिना शर्त प्यार देना, अपेक्षाएं छोड़ना, और सकारात्मक ऊर्जा का आदान-प्रदान करना ज़रूरी है। रिश्ते तभी मधुर बनते हैं जब हम दूसरों को बदलने की बजाय खुद को बदलते हैं और नकारात्मक भावनाओं (जैसे गुस्सा, शिकायत) को ऊर्जा के रूप में जाने देते हैं, जिससे हम स्वयं को सशक्त करते हैं और दूसरों को भी शक्ति देते हैं।



प्यार पाने के बारे में नहीं, बल्कि बिना किसी शर्त के देने के बारे में है। जब हम उम्मीदें छोड़ देते हैं, रिश्ते शांतिपूर्ण बनते हैं। यह सच्चा प्यार अंदर से आता है। दूसरों के व्यवहार से हमारी खुशी प्रभावित न हो। हमारी प्रतिक्रिया हमेशा हमारी अपनी रचना होती है। नकारात्मक शब्दों या घटनाओं के बावजूद, हम शांत या क्रोधित होने की अपनी पसंद चुन सकते हैं। रिश्ते केवल शब्दों और व्यवहार से नहीं, बल्कि विचारों और भावनाओं की ऊर्जा से चलते हैं। सकारात्मक और सम्मानजनक विचार शक्तिशाली नींव बनाते हैं, जबकि आलोचनात्मक विचार उन्हें कमजोर करते हैं।

संघर्ष के बाद क्रोध या नाराजगी को पकड़कर रखने से हम खुद को नुकसान पहुँचाते हैं। माफी मांगना या देना दूसरों पर एहसान नहीं, बल्कि खुद को दी जाने वाली मुक्ति है, जो कर्म के बोझ को कम करती है। किसी के बारे में नकारात्मक सोचकर हम उन्हें कमजोर करते हैं। इसके बजाय, रुककर परमात्मा को याद करें और उन्हें शक्ति भेजें। इससे आप दर्द से बचेंगे और उन्हें भी ऊर्जा मिलेगी।

**खुशी मन की एक अवस्था:** आज हम मानते हैं कि खुशी हमारी उपलब्धियों या हमारी खरीद पर निर्भर करती है, कि यह बाहरी परिस्थितियों और उपलब्धियों पर आधारित है। सच्चाई यह है कि खुशी हमारा स्वभाव है, हमारा जीने का तरीका है। जब मन शांत और स्थिर होता है, तो यह स्वस्थ अवस्था में होता है और मन का यही स्वास्थ्य खुशी है। स्वस्थ मन की स्थिति हमारे हाथ में है। उदाहरण के लिए, अगर मैं ट्रैफिक जाम में फंस जाऊं, तो मैं तनाव पैदा करना या शांत रहना चुन सकता हूं। जब चीजें मेरे मन मुताबिक न हों, तो मैं चोट खाना या स्वस्थ रहना चुन सकता हूं। खुशी एक स्वस्थ मन है; जब मन शांत अवस्था में होता है, तो वह अशांत मन के बिल्कुल विपरीत होता है। मेरे लिए, दिन की हर स्थिति में मेरी मन की स्थिति मायने रखती है। मुझे समझाने दीजिए क्यों। जब मेरे मन का ग्राफ ऊपर-नीचे नहीं होता, तो मैं पूरे दिन खुश रहता हूँ। ऊपर-नीचे होने से मेरा मतलब है कि एक पल उत्साहित होना, अगले ही पल उदास महसूस करना। सच्ची खुशी पाने के लिए, यह ज़रूरी है कि आप दूसरों को दोष देने की आदत छोड़ दें। दोषारोपण का खेल भावनात्मक निर्भरता दिखाता है। अपने विचार और भावनाएँ खुद बनाना और किसी भी तरह की निर्भरता से दूर रहना ही सुखी जीवन की ओर ले जाएगा। अब मैं सचेत जीवन जीता हूँ, इसलिए जब भी कोई गलती होती है, चाहे वह सिर्फ मेरे मन में ही क्यों न हो, मैं उसे तुरंत सुधार लेता हूँ।

## सितारों की बात



पंडित विष्णु राजौरिया

सप्ताह का राशिफल 21 दिसंबर से 27 दिसंबर 2025 तक

**मेष राशि:** इस सप्ताह आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और आप साहसिक निर्णय लेने में सक्षम रहेंगे। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिन्हें आप सफलता से निभाएंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं, लेकिन अनावश्यक खर्च से बचना होगा। पारिवारिक जीवन में सहयोग और सामंजस्य बना रहेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, पर अत्यधिक थकान से बचें।

**वृषभ राशि:** यह सप्ताह धैर्य और समझदारी से आगे बढ़ने का है। कार्यों में धीरे-धीरे प्रगति होगी, जिससे मन संतुष्ट रहेगा। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निवेश करें। परिवार में किसी सदस्य से भावनात्मक सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य की दृष्टि से खानपान पर ध्यान देना आवश्यक है।

**मिथुन राशि:** इस सप्ताह आपकी वाणी और व्यवहार से लोगों पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा। नौकरी या व्यापार में नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। पुराने अटके हुए काम पूरे होने की संभावना है। आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी, पर जोखिम से बचें। स्वास्थ्य में हल्की कमजोरी महसूस हो सकती है।

**कर्क राशि:** इस सप्ताह मानसिक उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, इसलिए धैर्य रखें। कार्यक्षेत्र में मेहनत अधिक करनी पड़ेगी, लेकिन परिणाम सकारात्मक मिलेंगे। परिवार का सहयोग आपको आत्मबल देगा। आर्थिक मामलों में सावधानी जरूरी है। स्वास्थ्य के लिए आराम और ध्यान लाभकारी रहेगा।

**सिंह राशि:** यह सप्ताह मान-सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और लाभ के योग बनेंगे। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा और जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कन्या राशि:** इस सप्ताह आप अपने कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूरा करेंगे। नौकरी और व्यवसाय में स्थिरता बनी रहेगी। धन लाभ के योग हैं, लेकिन खर्च भी बढ़ सकते हैं। परिवार में शांति और सहयोग बना रहेगा। स्वास्थ्य में पेट या तनाव से जुड़ी समस्या हो सकती है।

**तुला राशि:** इस सप्ताह संतुलन बनाए रखना सबसे जरूरी रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी या प्रस्ताव मिल सकता है। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें। पारिवारिक जीवन में मतभेद से बचें और संवाद बनाए रखें। स्वास्थ्य के लिए योग और ध्यान लाभकारी रहेंगे।

**वृश्चिक राशि:** यह सप्ताह आत्मबल और साहस बढ़ाने वाला रहेगा। गोपनीय योजनाएँ सफल होंगी और कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा। क्रोध और तनाव से बचें, तभी स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**धनु राशि:** इस सप्ताह भाग्य आपका साथ देगा और रुके हुए कार्य पूरे होंगे। शिक्षा, प्रतियोगिता और यात्रा से लाभ संभव है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, लेकिन लापरवाही न करें।

**मकर राशि:** इस सप्ताह परिश्रम का पूरा फल मिलेगा। वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और संपत्ति से जुड़े मामलों में प्रगति संभव है। पारिवारिक जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती हैं। स्वास्थ्य में थकान महसूस हो सकती है, आराम जरूरी है।

**कुंभ राशि:** यह सप्ताह नए विचार और योजनाओं का रहेगा। मित्रों और सहयोगियों से लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में बदलाव या नई शुरुआत संभव है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा, लेकिन मानसिक तनाव से बचें।

**मीन राशि:** इस सप्ताह भावनात्मक रूप से खुद को मजबूत रखना होगा। कार्यक्षेत्र में बदलाव के संकेत मिल सकते हैं। आर्थिक स्थिति मध्यम रहेगी, खर्च सोच-समझकर करें। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के लिए नियमित।

## वायरल वीडियो

# आसमानी बिजली से नहीं हुआ बुर्ज खलीफा का बाल बांका, कुछ ख़ास है इसकी बनावट में

**दुनिया** की सबसे ऊंची इमारत के तौर पर पहचान रखने वाली बुर्ज खलीफा से जुड़े एक वीडियो ने लोगों को हैरत में डाल दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो में दिख रहा है कि कैसे तेज आंधी और तूफान के दौरान बिजली सीधे बुर्ज खलीफा पर गिरती है। बस कुछ सेकंड के वीडियो को देखने वाला हर शख्स चौंक गया। गड़गड़ाहट के बीच अंधेरे आसमान में बारिश की आवाज के बीच अचानक से बिजली गिरती है। दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने अपने इंस्टाग्राम पर यह वीडियो शेयर किया। इस वीडियो के बाद लोगों के जेहन में एक ही सवाल है कि आखिर यह गगनचुंबी इमारत किस चीज की बनी है कि बिजली गिरने की घटना बाल भी बांका नहीं कर पा रही है। बुर्ज खलीफा पर बिजली गिरते हुए



वीडियो को देखने वालों का एक ही सवाल है कि इस विशालकाय गगनचुंबी इमारत को बिजली का सामना करने के लिए कैसे बनाया गया है? 829.8 मीटर (2717 फीट) की हाइट वाली इस इमारत में कुल 163 मंजिलें हैं। संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में खराब मौसम के बीच दुबई की पहचान माने जाने वाले बुर्ज खलीफा पर नाटकीय ढंग से बिजली गिरने का दृश्य सामने आया, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। हालांकि, यह दुनिया की सबसे ऊंची इमारत के लिए किसी भी तरह का खतरा नहीं था, क्योंकि बुर्ज खलीफा को इस तरह के शक्तिशाली विद्युत डिस्चार्ज को झेलने के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है।

**क्राउन प्रिंस ने शेयर किया वीडियो:** यह घटना 18 दिसंबर को उस समय हुई, जब यूएई में 'अल बशायर' (Al Bashayer) निम्न दबाव प्रणाली अपने चरम चरण में पहुंच गई थी। क्राउन प्रिंस ने घटना का वीडियो शेयर किया। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (NCM) के अनुसार, इस सिस्टम के कारण देश के कई हिस्सों में भारी बारिश, गरज-चमक, बिजली और ओलावृष्टि देखने को मिली। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया। विजिबिलिटी कम हो गई और बाहरी गतिविधियां प्रभावित हुईं, क्योंकि यह मौसम प्रणाली पूरे देश में आगे बढ़ती रही। इसी दौरान बुर्ज खलीफा के शिखर पर बिजली गिरने का एक छोटा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। इसे स्थानीय निवासियों के साथ-साथ दुनियाभर के लोगों ने बड़े पैमाने पर साझा किया।

## दिया कबीरा रोय...

# ...अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ही क्यों ना बना जाए?

सुधीर नायक
व्यंग्यकार-ट्रेड यूनियन लीडर



**मुझे** खुशी है कि राष्ट्रीय होना अब बहुत आसान हो गया है। हमने वो दौर भी देखा है जब राष्ट्रीय होना तो सपना था। जिलास्तरीय होने में ही जीवन लग जाता था।और अब ईश्वर की लीला देखिए,हमारे मोहल्ले में ही दो दो राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हैं।हमें भी अभी दीपावली पर पता चला। हम वर्षों से मिल रहे थे।हम अभी तक उन्हें अपने जैसा मोहल्ला स्तरीय ही समझते थे।जब पता चला तब बहुत ग्लानि हुई।मैं एक राष्ट्रीय अध्यक्ष स्तर के व्यक्ति से छोटी छोटी मोहल्लीय बातें करता रहा। नाली बह रही है। गटर साफ नहीं हुआ। मच्छर बढ़ रहे हैं। इस तरह की बातें।ऐसी क्षुद्र बातों में मैंने उनका समय खराब किया।सुबह मार्निंग वॉक के अलावा बाकी समय वे किसी से कोई मेलजोल नहीं रखते हैं।हमेशा पार्क में ही मुलाकात होती है।उनके घर जाने का कभी अवसर नहीं आया था।इस बार हुआ यह कि हमने मोहल्ले का दीपावली मिलन कार्यक्रम रख लिया।मैं कार्यक्रम का संचालन कर रहा था।गुप्ता जी ने मेरे पास आकर धीरे से कान में कहा कि उनका नाम बोलते समय राष्ट्रीय अध्यक्ष बोल देना।तब मुझे पहली बार पता चला कि वे किसी चीज के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।मंच पर मेरा सहयोग शर्मा जी कर रहे थे।मैंने उन्हें बताया।शर्मा जी बोले-तो क्या हुआ बोल देना।अपना



क्या जाता है?और हां, सुनो, मेरे साले साब भी राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।वे भी इसी मोहल्ले में थोड़े आगे रहते हैं।उनका भी बोल देना।उन्होंने चंदा भी ज्यादा दिया है।मुझे पहली बार अपने मोहल्ले पर गर्व हुआ।अपने आप पर भी गर्व हुआ। मुझे लगा,मैं भी ऐरागैरा नहीं हूं।दो दो राष्ट्रीय अध्यक्षों वाले मोहल्ले में रहता हूं।

पहले के जमाने में राष्ट्रीय अध्यक्षों को हम केवल अखबार,पत्रिकाओं और टीवी में ही देख पाते थे।उस जमाने में राष्ट्रीयअध्यक्ष लोग,ज्यादातर दिल्ली में ही रहते थे।किसी भी तरह के राष्ट्रीय अध्यक्ष से किसी की बहुत दूर की लिंक भी होती थी तो वह सब जगह बखान करता फिरता था।बड़ी बात मानी जाती थी।आज देखिए,देश कितना आगे बढ़ गया है।अपने आजूबाजू में ही राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हैं।अपन को पता भी नहीं चलता।मैंने गुप्ता जी से झेंपते हुए कहा-आपने पहले कभी बताया नहीं कि आप राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।आप पहले बता देते तो मैं आपसे राष्ट्रीय स्तर की बातें करता।गुप्ता जी मुस्कराते हुए बोले-पहले कभी जरूरत ही नहीं पड़ी।इस कार्यक्रम में जरुरत पड़ी इसलिए बता दिया।मैंने पूछा-बहुत मेहनत लगी होगी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने में।वे बोले-नहीं जी,अब,बहुत आसान हो गया है। आप भी बन सकते हैं।मैं चौंका।मुझे आश्चर्य हुआ। मन में लालच भी जागा। मैं उनकी बात ध्यान लगाकर सुनने लगा।

## टेक्नो अलर्ट

# बिना OTP के हैक हो जाएगा व्हाट्सऐप अकाउंट, GhostPairing से सावधानी जरूरी

**हैकर्स** लोगों को अपना शिकार बनाने के नए-नए तरीके निकालते हैं। लोकप्रिय इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म WhatsApp का एक नया स्कैम सामने आया है। स्कैम के तहत बिना OTP के ही लोगों के अकाउंट हैक हो रहे हैं। इसका नाम 'GhostPairing' है। साइबर सुरक्षा के जानकारों द्वारा दी गई चेतावनी के अनुसार, यह स्कैम लोगों के व्हाट्सऐप अकाउंट पर पूरी तरह कंट्रोल कर लेता है। खास बात तो यह है कि अकाउंट हैक करने के लिए स्कैमर्स को आपके पासवर्ड, सिम कार्ड या वेरिफिकेशन कोड किसी की भी जरूरत नहीं होती है।



**क्या होता है GhostPairing स्कैम?:** यह स्कैम बाकी हैकिंग से काफी अलग है। अभी तक लोगों को लगता था कि अगर वे वेरिफिकेशन कोड या फिर ओटीपी किसी के साथ शेयर नहीं करेंगे तो वे स्कैम से बचे रहेंगे, लेकिन इस स्कैम ने लोगों की इस धारणा को भी गलत साबित कर दिया है। GhostPairing स्कैम पूरी तरह से सोशल इंजीनियरिंग पर निर्भर करता है। इसमें हैकर्स लोगों को किसी लिंक पर क्लिक करने के लिए मनाते हैं। ऐसा करते लोग खुद अपने डिवाइस को हैकर्स के डिवाइस से लिंक करने की परमिशन दे देते हैं। इस तरीके को पकड़ना और इससे बचना बहुत मुश्किल है। इस स्कैम की एक खतरनाक बात यह भी है कि यह आपके भरोसेमंद दोस्तों के जरिए आप तक पहुंचता है और तेजी से फैलता है।

**यह स्कैम कैसे काम करता है?:** साइबर सुरक्षा कंपनी Gen Digital की एक रिपोर्ट की मानें तो यह स्कैम भरोसेमंद दोस्त के एक मैसेज से शुरू होता है। मैसेज में लिखा होता है कि मुझे तुम्हारी फोटो मिल गई। इस मैसेज में एक लिंक भी दिया जाता है, व्हाट्सऐप में फेसबुक की तरह फोटो का प्रीव्यू दिखाता है।

# ब्रेक शू लाइनर चिपकने से चलती बस में लगी आग, यात्रियों को सुरक्षित निकाला

**सिरोंज। दोपहर मेट्रो**

सिरोंज से भोपाल की तरफ आ रही यात्री बस के पहियों में अचानक आग लग गई। ड्रायवर की होशियारी से बड़ी अनहोनी से होने से टल गई। सुबह 6 बजे बस स्टैंड से रवाना हुई यह बस जब भन्नाखेड़ा के समीप पहुंची तो ड्रायवर अशोक को पीछे से धुआं उठता दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत ही बस का ब्रेक लगाया और उसे सड़क पर खड़ा कर दिया। उन्होंने उतर कर देखा तो पिछले टायरों में धुंआ निकल रहा था। टायरो के पास ही डीजल टैंक था। ड्रायवर ने तुरंत ही बस में बैठे सभी यात्रियों को बाहर निकाल दिया। बस में अग्निशमन यंत्र दिखाई दिया तो बस स्टाफ ने गांव में पानी लाकर तथा पेड़ के पत्तों से आग पर काबू किया। स्टाफ ने तुरंत ही के पहिए को खोलकर दूसरा पहिया लगाने की व्यवस्था की। पहियो में आग लगने की वजह ब्रेक शू लाइनर का चिपकना है। लगातार घर्षण से पहिया गर्म हो गया और रबर में आग लग गई। ड्रायवर सतर्क नहीं होता तो यह आग डीजल टेंक तक भी पहुंच सकती थी। जिससे बड़ी अनहोने हो सकती थी।




### यात्रियों के लिए बुलवाई दूसरी बस

बस में सवार अधिकांश यात्री तेज ठंड के बावजूद सुबह 6 बजे इसलिए रवाना हुए थे कि समय से भोपाल पहुंचकर काम निपटा लेंगे। इस घटनाक्रम के बाद उन्हें दूसरी बस का इंतजार करना पड़ा। इस प्रिक्रिया में वे एक घंटा देरी से भोपाल पहुंचे। यातायात निरीक्षक रीतेश वाघेला ने बताया कि स्टाफ अग्निशमन यंत्र का उपयोग नहीं कर सका। जांच में बस के सभी दस्तावेज सही मिले हैं। बस में अग्निशमन यंत्र भी था लेकिन स्टाफ ने उसका उपयोग नहीं किया।

## न्यूज विंडो

### राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने उपराष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट की




**नर्मदापुरम।** राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने संसद भवन में शीतकालीन सत्र के अंतिम दिवस पर देश के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की।इस अवसर पर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने उपराष्ट्रपति से संसदीय कार्यों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। उपराष्ट्रपति श्री राधाकृष्णन ने भी उन्हें संसदीय परंपराओं एवं दायित्वों के निर्वहन को लेकर आवश्यक सुझाव दिए।

### डॉ. मोहन सरकार के दो वर्ष पूर्ण उपलब्धियां जन जन तक पहुंचाएं



**गंजबासौदा।** मध्यप्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सुशासन ओर विकास के सफल 2 बर्ष पूर्ण होने पर आगामी कार्यक्रमों के सम्बंध में शनिवार को केशव वाटिका में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मोहन यादव सरकार की 2 वर्षो की उपलब्धियो की जानकारी पत्रक के माध्यम से जन जन तक पहुचाने की रूपरेखा तय की गई एवं भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष अटल बिहारी बाजपेयी की जनशताब्दी वर्ष के अवसर पर 25 दिसम्बर को अटल बिहारी की जयंती मनाने की रूपरेखा तय की गई इस अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी रवि मालवीय ने सभी कार्यक्रम भव्यता पूर्ण हो इसके लिए सभी से निवेदन किया। इस दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने विगत 2 वर्षो के कार्यकाल में 147 करोड़ रुपये से हो रहे निर्माण कार्यो की जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता सहित मातृशक्ति उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन राकेश खटीक ने किया एवं बैठक का आभार व्यक्त ग्रामीण मंडल के महामंत्री रामकरण अहिरवार ने किया।

### हॉकी: प्रयागराज बनाम आर्मी ग्रीन जालंधर में होगा खिताबी मुकाबला



**इटारसी।** नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित महात्मा गांधी मेमोरियल हॉकी प्रतियोगिता के रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले शनिवार को खेले गए।जिसमे एनसीआर प्रयागराज और आर्मी ग्रीन जालंधर ने अपने-अपने मैच जीतकर फाइनल में जगह पक्की कर ली है। पहला सेमीफाइनल एनसीआर प्रयागराज बनाम एस ई सी आर बिलासपुर मध्य खेला गया। इस मुकाबले में एनसीआर प्रयागराज ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए 5-1 से जीत दर्ज की। दूसरा सेमीफाइनल आर्मी ग्रीन जालंधर बनाम अमर ज्योति क्लब इटारसी के बीच हुआ। दूसरे मुकाबले में आमी ग्रीन जालंधर ने घरेलू टीम इटारसी को 4-0 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। इटारसी के गोलकीपर ने कई शानदार बचाव किए और अंतिम क्षणों में टीम को दो शॉर्ट कॉर्नर भी मिले, जिन्हें वे गोल में तब्दील नहीं कर सके। इस मैच के निर्णायक सुनील गुप्ता और सौरभ गुप्ता रहे। मैचों के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मैच में अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, नपा अध्यक्ष पंकज चौरे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवकांत गुड्डन पांडे, एडिशनल एस पी अभिषेक राजन व राहुल चौरे अध्यक्ष, शैलेंद्र दुबे स्वागत अध्यक्ष, और कुलभूषण मिश्रा सहित अन्य सदस्यों ने टीमों का हौसला बढ़ाया।

### सिवनी के नेशनल हाईवे पर हरी मिर्च से लदे ट्रक में अचानक लगी आग



**सिवनी।** जिले के छपारा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे- 44 पर एक हरी मिर्च से लदे ट्रक में आग लग गई। यह घटना गुप्ता ढाबा के पास शनिवार देर रात करीब 3 बजे हुई। सूचना मिलने पर छपारा पुलिस और दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार, ट्रक नागपुर से दिल्ली हरी मिर्च लेकर जा रहा था। ट्रक चालक तारीख खान ने नेशनल हाईवे-44 के समीप गुप्ता ढाबा के पास ट्रक खड़ा किया और खाना खाने चला गया। इसी दौरान ट्रक में अचानक आग लग गई।

### जंगली जानवरों को शिकार से बचाने के लिए वनविभाग सख्त

# अब शिकारियों की खैर नहीं

### एसटीआर को मिला बेल्जियन मालिनोइस नस्ल का डॉग अपोलो



**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम। वन्य प्राणियों की सुरक्षा और शिकारियों पर नजर रखने के लिए सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) को एक कुशल डॉग अपोलो मिल गया है। अब डॉग अपोलो का नया ठिकाना इटारसी स्थित एसटीआर बॉस डिपो सूरजगंज होगा। इटारसी लाए गए डॉग अपोलो का बॉस डिपो में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया और आरती उतारी। इस दौरान बोरी अभयारण्य के सहायक संचालक विनोद वर्मा, रिटायर्ड डिप्टी रेंजर केएल गुर्जर एवं एसटीआर के अन्य लोग मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार डॉग टीना के मरने के बाद यहां स्निफर डॉग की जरूरत महसूस हो रही थी। इसके चलते एसटीआर की क्षेत्र संचालक राखी नंदा और उपसंचालक ऋषिभा सिंह नेताम के आदेश पर सीधी से डॉग अपोलो को विधिवत कार्रवाई कर लाया गया है। डॉग अपोलो को सीधी से डॉग हैंडलर पदम सिंह राजपूत और सेवराम शासकीय वाहन से इटारसी लेकर आए हैं। अभी सीधी से साथ में डॉग हैंडलर रवि सिंह डॉग अपोलो के साथ हैं, जो एक सप्ताह यहां रुकेंगे। नर्मदापुरम एसटीआर की क्षेत्र संचालक राखी नंदा ने बताया कि संजय टाइगर रिजर्व से डॉग अपोलो को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में स्थानांतरित किया गया है। यह संभाग के तीनों जिलों बैतूल, हरदा और नर्मदापुरम में काम संभालेगा।÷

### टीना की जगह मिला अपोलो

पिछले दिनों उपचार के दौरान डॉग टीना की जबलपुर में मौत हो गई थी। संभाग में नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल के फॉरेस्ट विभाग की एकमात्र डॉग थी डॉग टीना। उसके स्थान रिक्त होने के बाद से ही एसटीआर ने नए डॉग की तलाश शुरू कर दी थी। इसी क्रम में सीधी से डॉग अपोलो लाया गया है, जो बेल्जियन मालिनोइस नस्ल का है। अब अपोलो को वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए जंगल के गश्ती दल में तैनात किया गया है।बता दें कि सन् 2009 से 2019 तक डॉग जैकी और 2019 से अक्टूबर 2025 तक डॉग टीना ने अपनी सेवाएं दी हैं।

### समाजसेवा के लिए गोपाल सिधवानी का किया सम्मान



**इटारसी। दोपहर मेट्रो**

निःस्वार्थ सेवा करने वाले इटारसी की हरिओम संस्था के गोपाल सिधवानी को उनके उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सोहागपुर शिक्षा समिति एवं पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय, सोहागपुर द्वारा शनिवार को आयोजित होने वाले डॉ. अरविंद सिंह चौहान अलंकरण समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। हरिओम संस्था द्वारा अब तक लगभग 2600 गरीब एवं बेसहारा व्यक्तियों के कफन-दफन की व्यवस्था की जा चुकी है। यह कार्य ऐसे लोगों के लिए किया गया, जिनका अंतिम संस्कार करने वाला कोई नहीं था। संस्था का यह मानवीय प्रयास समाज के लिए मिसाल बन गया है और निरंतर लोगों को सेवा के लिए प्रेरित कर रहा है। गोपाल सिधवानी द्वारा संचालित हरिओम संस्था धर्म, जाति और वर्ग से ऊपर उठकर सेवा कार्य कर रही है। सड़क किनारे, अस्पतालों या श्मशान में लावारिस हालत में मिले शवों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराना संस्था का मुख्य उद्देश्य है। इस सेवा में कई युवा और समाजसेवी भी संस्था से जुड़े हुए हैं। संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए आयोजकों ने कहा कि गोपाल सिधवानी ने यह सिद्ध किया है कि सच्ची सेवा वही है, जिसमें किसी प्रचार की अपेक्षा नहीं होती। ऐसे समाजसेवियों का सम्मान करना नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

### मोहासा औद्योगिक क्षेत्र का मामला

## अवैध खनन पर प्रशासन ने तीन वाहनों को जब्त कर लगाया जुर्माना

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

जिले के मोहासा औद्योगिक क्षेत्र में खनिज एवं राजस्व विभाग, साथ ही एमपीआईडीसी ने संयुक्त जांच की। जांच में मोहासा के फेस-01, प्लॉट नंबर-18- एम एस प्रीमियर एनर्जीज ग्लोबल एनवायरनमेंट प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित में लगभग 12,319 घन मीटर मिट्टी का अवैध उत्खनन पाया गया। विस्तृत जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई जारी है।खनिज विभाग ने अवैध उत्खनन और परिवहन पर नकेल कसी। मोहासा से तीन डम्पर जब्त कर वाहन मालिकों-चालकों के खिलाफ गौण खनिज नियमों के तहत मामले दर्ज किए। इन पर 78,000 रुपये का अर्थदंड खनिज मद में जमा कराया गया।इसके अलावा, तवा नदी से रेत का मोहासा औद्योगिक क्षेत्र के लिये अवैध परिवहन करते ग्राम आँचलखेड़ा से पिछले दिनों एक डम्पर और पांच ट्रैक्टर ट्रॉली भी जब्त की गईं। इनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जुर्माना लगाया गया।कार्रवाई में नायब तहसीलदार अंकित मौर्य, प्रभारी खनिज निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते, जेई (सिविल) आयुष सेन (एमपीआईडीसी), पटवारी निखिल पटेल और खनिज सिपाही हेमंत राज शामिल रहे।

### मोहिनी देवी मित्तल का निधन



**सिरोंज।** कपड़ा व्यापारी एवं भाजपा नगर मंडल महामंत्री सुमंत मित्तल की माताजी मोहिनी देवी मित्तल का शनिवार को निधन हो गया। वे बीमार थीं और परिवार उनकी सेवा कर रहा था। शनिवार शाम को रावजी पथ स्थित निवास से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। उनका अंतिम संस्कार तहसील रोड पर स्थित मुक्तिधाम पर किया गया।

## पुलिस ने 71 लीटर अवैध शराब सहित ऑटो जब्त किया, एक आरोपी फरार

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**



जिले मे पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम साई कृष्णा भापुसे के निर्देशन में अवैध शराब के खिलाफ चल रही मुहिम में थाना कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की। गत दिवस मुखबिर सूचना पर भोपाल तिराहे पर घेराबंदी कर पुलिस ने बुधनी से नर्मदापुरम आ रहे एक काले रंग के ऑटो को रोक लिया। ऑटो में भारी मात्रा में देशी और अंग्रेजी शराब लदी थी।ऑटो से 300 देशी शराब के क्वार्टर और 96 अंग्रेजी शराब के क्वार्टर बरामद हुए, कुल 71 लीटर शराब की कीमत 39,300 रुपये तथा ऑटो की कीमत 2 लाख रुपये बताई गई। ऑटो चालक ने अपना नाम निर्मल उर्फ निम्मा कहार (24 वर्ष, पिता रामभरोस कहार, निवासी कहार मोहल्ला, पुराने थाने के पीछे, माखननगर) बताया। साथ में अभिषेक उर्फ बादशाह मेहरा (निवासी आदमगढ़, नर्मदापुरम) भी था। पुलिस को देखते ही एक आरोपी ऑटो से कूदकर भाग निकला।दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर निर्मल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। अभिषेक फरार है, जिसकी तलाश के लिए पुलिस टीम रवाना की गई है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सउनि रेवाराम गायकवाड़, आरक्षक रितेश यदुवंशी, पंकेश, अजमेश चंद्रोल, गजेंद्र डडोरे, आनंद, रितेश एवं हरीश की टीम ने की।

**मेट्रो एंकर**

### 25 दिसंबर तक शहर और ग्रामीण इलाकों में आयोजित किए जाएंगे सुशासन शिविर

# 24 पंचायतों में पहुंचकर समस्याएं जानकर करेंगे निराकरण

**सिरोंज। दोपहर मेट्रो**

भारत रत्न अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती तक चलने वाले सुशासन सप्ताह की शुरूआत शनिवार को हुई। पहले दिन वार्ड 1, 2 और 3 के संयुक्त शिविर का आयोजन बासौदा नाका चौराहे पर किया गया। नपाध्यक्ष मनमोहन साहू और उपाध्यक्ष मनोज साईंनाथ ने शिविर का शुभारंभ करते हुए आयोजन से जुड़ी जानकारी दी। नपाध्यक्ष ने कहा कि देश को प्रधानमंत्री सड़क जैसी महत्वपूर्ण सौगात देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी के जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा सरकार द्वारा सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। शिविरों में आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। नागरिक शिविर में पहुंचकर समस्या का समाधान करवाएं।



नपा उपाध्यक्ष मनोज साईंनाथ ने बताया कि पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा ने ग्रीन एंड क्लीन सिरोंज की जो कल्पना की थी। उसे पूरा करने के लिए हम विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में निरंतर क्रियाशील है। शहर में करीब 5 करोड़ की लागत से विभिन्न वालों में नालों का निर्माण किया जा रहा है तो 18 करोड़ की लागत से नवीन पेयजल पाइप लाइन भी डाली जा रही है। इस पाइप लाइन के डलने से उन इलाकों भी पानी पहुंचेगा जहां अभी तक पानी की पहुंच नहीं है। इसके अलावा सभी इलाकों में पानी का प्रेशर भी बड़ेगा। सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि इन शिविरों का आयोजन 25 दिसंबर तक किया जाएगा। प्रतिदिन निर्धारित स्थल पर 3 वार्डों का संयुक्त शिविर लगेगा। कुछ दिनों में एक साथ 4 वार्डों के शिविर भी लगेंगे। 6 दिन में सभी 21 वार्डों के शिविर सम्पन्न होंगे। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से नगर पालिका आपके घर पहुंच रही है। स्थानीय रहवासी सफाई, पेयजल और निर्माण कार्य संबंधी समस्या का समाधान करवा सकते हैं। इसके साथ ही वे टेक्स की बकाया राशि भी शिविर में ही जमा करवा सकते हैं। शिविर में संबंधित वार्डों के प्रभारियों के साथ ही जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

### ग्राम पंचायतों में बिना किसी प्रचार के शुरू हुए शिविर

सुशासन सप्ताह का आयोजन ग्राम पंचायतों में भी किया जा रहा है। हालांकि इसका प्रचार-प्रसार जनपद पंचायत द्वारा नहीं किया गया है। पहले दिन शनिवार को ही क्षेत्र की 24 पंचायतों में शिविर लगाए गए लेकिन इन शिविरों के संबंध में प्रेस को कोई सूचना जारी नहीं की गई। हालांकि सभी शिविरों के प्रभारी बनाए जाने के साथ ही संबंधित पंचायत के सचिवों, पटवारी, रोजगार सहायक, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा अन्य विभागों के जिम्मेदारों को शिविरों में मौजूद रहने की निर्देश जारी किए गए हैं। क्षेत्र की 93 पंचायतों में ये शिविर 24 दिसंबर तक आयोजित किए जाएंगे। खास बात ये है कि ये शिविर 19 दिसंबर से शुरू होना था लेकिन जानकारी देरी से आने के कारण आनन-फानन में एक दिन देरी से शुरू हो सके।

## न्यूज विंडो

### पशुपालन एवं डेयरी विभाग का अमला पशुपालकों से कर रहा संपर्क



**शहडोल।** जिले में दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का दूसरा चरण 17 दिसंबर से प्रारम्भ हो गया है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ0 अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पशुपालकों की आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से जिले में 17 दिसंबर 2025 से दुग्ध समृध्दि सम्पर्क अभियान का द्वितीय चरण का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत पशुपालन विभाग के क्षेत्रीय अमले व्दारा गाँव-गाँव पशुपालको से व्यक्तिशः सम्पर्क कर रहे हैं। अभियान के तहत जयसिंहनगर विकासखण्ड के ग्राम सन्नौसी निवासी पशुपालक अमृतलाल पटेल, से पशुपालन विभाग के मैदानी कार्यकर्ता मैत्री मनसुखलाल पटेल, ने संपर्क कर उन्हें संतुलित पशु पोषण आहार, टीकाकरण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार एवं सेक्स शॉर्टेड सीमेन से कृत्रिम गर्भाधान के संबंध में लाभ की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पशुपालन किसान एवं पशुपालकों की अर्थव्यवस्था का आधार है। उन्नत पशुपालन के माध्यम से जहां दूध का उत्पादन बढ़ने से आपकी आय बढ़ेगी वहीं गौवंश के गोबर से जैविक खाद का निर्माण कर तथा गौमूत्र से कीटनाशक दवाओं का निर्माण कर खेती की लागत को कम किया जा सकता है। साथ ही रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों से मिट्टी को होने वाले नुकसान से भी बचाया जा सकता है।

### ब्लाइंड छात्र-छात्राओं के धर्मांतरण की सूचना के बाद जमकर हुआ हंगामा



**जबलपुर।** गोरखपुर थाना इलाके में एक चर्च में ब्लाइंड छात्र-छात्राओं का धर्मांतरण की सूचना के बाद हंगामे की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंचकर हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा कर दिया। कुछ ही देर में विवाद इस कदर बढ़ गया कि हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता और चर्च में मौजूद लोगों के बीच हाथापाई तक हो गई। विवाद की जानकारी लगते ही गोरखपुर थाना पुलिस के साथ सीएसपी मौके पर पहुंचे और विवाद को शांत कराने की कोशिश की, बावजूद इसके दोनों पक्ष लड़ते रहे। दरअसल गोरखपुर के जॉनसन स्कूल कैंपस के पीछे स्थित एक चर्च में क्रिसमस कार्यक्रम के नाम पर शहर के अलग-अलग छात्रावासों से लगभग 70 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को बुलाया गया था और चर्च के अंदर उनसे प्रार्थना कराई जा रही थी। इसी बात की जानकारी लगते ही हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और दिव्यांग बच्चों को लालच देकर धर्मांतरण करवाने का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया।

### अज्ञात कार के कारण सैकड़ों किसान अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ फंसे



**नरसिंहपुर।** करेली स्थित करेली शुगर मिल में रविवार सुबह एक अज्ञात कार के कारण भारी जाम लग गया। मिल के मुख्य गेट पर कार खड़ी होने से सैकड़ों किसान अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ फंस गए, जिससे मिल परिसर में आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गया। जानकारी के अनुसार, देर रात एक अज्ञात व्यक्ति मिल के मुख्य गेट के सामने अपनी कार खड़ी कर गया था। कार का स्टेयरिंग लॉक होने के कारण उसे तुरंत हटाया नहीं जा सका, जिससे मुख्य गेट से आने-जाने का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया।

कुप्रथा नातरा-झगड़े का दंश, पीड़ित परिवार ने दर्ज कराई शिकायत

## 11 लाख रुपये दो वरना... गांव में छोड़ी चिट्ठी, खेत में काट दी सरसों की फसल

**राजगढ़। दोपहर मेट्रो**



जिले में एक बार फिर कुप्रथा नातरा-झगड़े का मामला सामने आया है। यहां शादी के बाद हुई मारपीट और कहासुनी के बाद महिला ससुराल नहीं गई तो अब ससुराल वाले झगड़ा मांग रहे हैं। धमकी दे रहे हैं कि हमारा निराकरण करवाओ नहीं तो पूरे गांव में नुकसान करेंगे। गांव में संबंधित के नाम की चिट्ठी छोड़ी, जिसमें लिखा है कि हमारी शादी का निराकरण करवाएं, अन्यथा हम नुकसान करेंगे। इस बीच उन्होंने महिला के पिता के खेत में लगी सरसों की फसल भी काट दी।

पुलिस ने बताया कि पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के रोजड़ खुर्द का है। यहां के संजूसिंह सौंधिया ने रिपोर्ट लिखवाई है कि मेरे खेत पर बोई गई सरसों में नुकसान कर दिया। आरोपियों ने झगड़े में 11 लाख रुपये की मांग की, नहीं देने पर खेत में बोई गई सरसों की फसल काटकर नुकसान कर दिया। पुलिस ने जगदीश पिता मोगजी, दिलीप पिता मोगजी और मोगजी सौंधिया सभी निवासी भगवानपुरा (सुठालिया) के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की है। पुलिस ने मौका मुआयना किया और जहां नुकसान किया गया था, उसका भी पता लगाया है।

राजगढ़ जिला मुख्यालय से लगे आसपास के गांव सहित कालीपीठ और भोजुपर, खिलचीपुर क्षेत्र में नातरा-झगड़ा के ऐसे मामले आम हो गए हैं, जिसमें आए दिन एफआईआर तो हो जाती है लेकिन ऐसी वारदातें करने वालों में किसी तरह का कोई डर नहीं है। खौफ नहीं होने के कारण ऐसी स्थितियां बनती हैं। कानूनी जानकार बताते हैं कि बेलेबल ऑफेंस (जमानती धारा) होने से केस दर्ज होने के बाद भी आसानी से व्यक्ति एक ही दिन में छूटकर आ जाता है। इसी कारण उन्हें यह डर नहीं रहता है कि कानूनी स्तर पर कुछ होगा। इसके लिए जागरूकता की जरूरत है लेकिन उसी की कमी है।

### ससुराल में पति मारपीट करता है, इसलिए नहीं जाना चाहती बेटी

फरियादी ने बताया कि बेटी की शादी काफी पहले उक्त गांव में आरोपियों के परिवार में की थी, लेकिन आए दिन पति मारपीट करता था, इसलिए बेटी वहां जाना नहीं चाहती है। इसीलिए हम भी भेज नहीं रहे। इधर, आरोपी पक्ष का कहना है कि हम ले जाना चाहते हैं, यदि नहीं भेज रहे हैं तो हमारा निराकरण करें। हम दूसरी जगह शादी नहीं करने दे सकते। हमारा जो खर्च हुआ, हमारा जो निराकरण हो वह करवाएं और 11 लाख रुपये बदले में दें। नहीं तो हम इसी तरह से नुकसान करेंगे। गांव में छोड़ी चिट्ठी की चेतावनी के बाद यह नुकसान शुरू कर दिया गया।

नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते यातायात प्रभावित

## बानापुरा, पगढाल व डोलरिया स्टेशनों पर खड़ी रहीं ट्रेनें, यात्री होते रहे परेशान

**सिवनी मालवा। दोपहर मेट्रो**



सिवनी मालवा क्षेत्र में शनिवार को रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा। हरदा जिले के भिरंगी रेलवे स्टेशन पर चल रहे नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कई महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर रोका गया, जिससे यात्रियों को घंटों तक परेशान होना पड़ा।

बानापुरा रेलवे स्टेशन पर कामायनी एक्सप्रेस दोपहर 12-35 बजे से खड़ी रही। ट्रेन के अचानक रुक जाने से यात्री परेशान होते रहे। यात्री प्लेटफॉर्म पर बैठकर ट्रेन के चलने का इंतजार करते नजर आए। कई यात्रियों ने बताया कि उन्हें अपने गंतव्य तक समय पर पहुंचने की चिंता सता रही है।

इसी तरह पगढाल रेलवे स्टेशन पर कटनी-भुसावल एक्सप्रेस को रोका गया, जबकि डोलरिया स्टेशन पर झेलम एक्सप्रेस लंबे समय तक खड़ी रही। अलग-अलग स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव के कारण इस रूट पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।

यात्रियों का कहना है कि ट्रेनों के रुकने की पूर्व सूचना समय पर नहीं मिलने से उन्हें काफी असुविधा हुई। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ यात्रियों ने स्टेशन प्रशासन से जल्द ट्रेनें रवाना कराने की मांग भी की।

## कटनी की दतला नदी के घाटों पर अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने की कार्रवाई



**कटनी। दोपहर मेट्रो**

जिले के ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में दतला नदी घाटों पर चल रहे अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई की है। माइनिंग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश देकर अवैध रूप से रेत का उत्खनन और परिवहन कर रहे चार ट्रैक्टरों को जब्त किया। इन ट्रैक्टरों को सिलौड़ी चौकी में सुरक्षित रखा गया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

### सीमेंट से भरा हुआ ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**छिंदवाड़ा।** जिले के दमुआ थाना क्षेत्र के झिरीघाटी पर सीमेंट से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। घाट पर अचानक बाइक सामने आने से चालक गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा और ट्रक पलट गया। हादसे में ट्रक सवार हमालों में से दो की मौके पर मौत हो गई। वहीं ट्रक की चपेट में आए बाइक सवार तीन युवक और पांच हमालों को गंभीर चोट आई है। सभी घायलों को दमुआ अस्पताल लाया गया। दो घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया था। जिला अस्पताल लाते वक्त एक घायल ने रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस टीम ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## हरदा में जनक्रांति आंदोलन आज, ब्राह्मण समाज का समर्थन

**सिवनी मालवा। दोपहर मेट्रो**



हरदा में आयोजित हो रहे जनक्रांति न्याय आंदोलन को लेकर करणी सेना परिवार मध्य प्रदेश के साथ-साथ नर्मदा पुरम जिला और सिवनी मालवा के प्राय प्राय आसपास के सभी गांव में करणी सेना के सैनिक 8 दिनों से सुबह से लेकर रात 2 बजे तक डोर टू डोर संपर्क करने के बाद हरदा जन क्रांति आंदोलन मे शामिल होने के लिए आमंत्रण और निमंत्रण तो दे ही रहे थे इस दौरान उन्हें गांव-गांव से लोगों का समर्थन मिला है! वहीं शनिवार के दिन सर्व ब्राह्मण समाज एवं समस्त तहसील की ओर से पूर्ण समर्थन एवं सहयोग प्रदान किया गया । यह समर्थन समाज के संरक्षण, न्याय एवं सम्मान के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जिला अध्यक्ष पंडित जीतेन्द्र ओझा की सहमति से घोषित किया गया है। सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि हरदा में हुई घटना एवं बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में यह आंदोलन जनभावनाओं की अभिव्यक्ति है। यह केवल किसी एक संगठन की लड़ाई नहीं, बल्कि सर्व समाज के अधिकारों और सम्मान की सामूहिक लड़ाई है, जिसमें सर्व ब्राह्मण समाज पूरी मजबूती से करणी सेना परिवार के साथ खड़ा है। समर्थन की घोषणा करते हुए समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि जनक्रांति न्याय आंदोलन समाज के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर आयोजित किया जा रहा है। ऐसे में समाज की जिम्मेदारी है कि वह न्याय की इस लड़ाई में अपना योगदान दे और आंदोलन को शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक तरीके से सफल बनाए। सर्व ब्राह्मण समाज ने समस्त सर्व समाज से भी अपील की है कि वे आंदोलन का समर्थन करें।

यातायात पुलिस थाने में आयोजित यातायात जागरूकता अभियान में दी जानकारी

## नियमों का पालन कर जागरूक नागरिक बनने का दें परिचय

**शहडोल। दोपहर मेट्रो**




सड़क सुरक्षा को लेकर जिला मुख्यालय स्थित यातायात थाने में यातायात जागरूकता अभियान कार्यक्रम के माध्यम से आम जन को यातायात के नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने कहा कि हम सब यातायात नियमों का पालन कर जागरूक नागरिक होने का परिचय दे सकते हैं। नियमों की अनदेखी न केवल स्वयं के लिए बल्कि दूसरों के लिए भी खतरा बन सकती है। उन्होंने समझाइश दी कि बिना ड्रायविंग लायसेंस के वाहन नहीं चलाएं वाहन चलाते समय चालक एवं सवारी भी हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। वाहनों की पार्किंग इस प्रकार करें कि यातायात प्रभावित नहीं हो तथा दूसरों को भी असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। आपने बताया कि 01 जनवरी से यह व्यवस्था की जा रही है कि यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कोई भी व्यक्ति फोटो डाल सकता है। जिस नम्बर पर फोटो डाली जानी है उसकी जानकारी शीघ्र ही दी जाएगी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान ने कहा कि आपका जीवन परिवार तथा समाज के लिए अमूल्य है। यातायात नियमों संकेतकों का सम्मान कर सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहनों में हेलमेट का उपयोग, चार पहिया वाहनों में शीटबेल्ट का उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन जैसी छोटी-छोटी सावधानियों से बड़े हादसों को टाला जा सकता है। नगर पुलिस अधीक्षक राघवेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि शासन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल में पहुंचाकर जान बचाने वाले राहवीर को 25 हजार रूपए का पुरूस्कार दिया जाता है। समय पर मदद मिलने से दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। राहवीर नागरिक जीवन रक्षक की भूमिका निभा सकते हैं।

यातायात प्रभारी संजय जायसवाल ने कहा कि नशे के हालत में वाहन नहीं चलाना चाहिए। वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करें। रेलवे फाटक बंद होने पर रेल के निकलने का इंतजार करें। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर यातायात गीतों तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही नियमों के पालन करने की अपील आम नागरिकों से की गई। वीडियो फिल्म के माध्यम से यातायात पुलिस द्वारा सुरक्षित यात्रा के लिए चलाए गए जागरूकता अभियान के संबंध में अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विभिन्न विद्यालयों महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक जगहों में आयोजित किए गए कार्यक्रमों, वाल पेन्टिंग , चित्रकला, रंगोली प्रयितोगिता, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रमों के विजेताओं एवं संस्थाओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ट्रैफिक वार्डनों को टी-शर्ट एवं कैप देकर पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन यातायात आरक्षक विवेकानंद तिवारी ने किया।

## किराना दुकान से खाद-बीज के अवैध भंडारण को पकड़ा



**मंडला। दोपहर मेट्रो**

जिले के नारायणगंज में कृषि विभाग ने एक किराना दुकान में खाद-बीज के अवैध भंडारण और बिक्री का खुलासा किया है। विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए दुकान और उसके गोदाम को सील कर दिया है। इस मामले में दुकान संचालक के खिलाफ पुलिस में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। कृषि कल्याण उपसंचालक अश्विनी झारिया और उनकी टीम को नारायणगंज के मैली चौराहा स्थित दिव्या किराना और जनरल स्टोर से अवैध रूप से खाद-बीज बेचे जाने की सूचना मिली थी। छापे के दौरान दुकान में यूरिया के 17 बैग सहित चार प्रकार के उर्वरकों का भंडारण पाया गया। इसके बाद टीम ने शंकरगंज ग्राम स्थित दुकान के गोदाम की भी जांच की। वहां भी लगभग 54 बैग यूरिया के अवैध रूप से भंडारित पाए गए।

मेट्रो एंकर

आईपीएस विद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## विद्यार्थियों का परीक्षण कर दिया परामर्श

**उमरिया। दोपहर मेट्रो**



उमरिया क्षेत्र के मोहनपुरी, रमपुरी स्थित आईपीएस इंटरनेशनल स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के छात्रों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। स्कूल के संचालक इंजीनियर वसीम अकरम ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत दिन में नौ बजे से ही विद्यालय के सभागार भवन में बाल रोग विशेषज्ञ डाक्टर सी.पी. शाक्या स्कूल पहुंच कर बच्चों के स्वास्थ्य का गहन परीक्षण शुरू किया। दिन में बारह बजे तक परीक्षण का क्रम चलता रहा।

डाक्टर सी.पी. शाक्या ने अपने उद्बोधन में बताया कि आईपीएस स्कूल में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, विद्यार्थियों को सभी प्रकार के रोगों से बचने के लिए तथा बढ़ती हुई ठंड से बचने के लिए भी समझाइस दी गई। और सभी विद्यार्थियों का निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। आईपीएस प्राचार्य इंजीनियर आरजू खान ने अपने उद्बोधन में बताया कि हम अपने विद्यालय में आए दिन शिविर का आयोजन करते रहते हैं, हम अपने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हैं। सभी बच्चों के हाइजीन का भी बहुत अच्छे से ध्यान रखा जाता है। इसके साथ टीचर द्वारा बेसिक साफ सफाई के निर्देश सभी बच्चों को दिए गए जैसे समय पर नाखून काटना, दांतों की बहुत अच्छे से सफाई करना, आदि का निर्देश आईपीएस टीचर द्वारा विद्यार्थियों को दिया गया।


## कार्यालय, नगर परिषद् डोला, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

Office: Municipal Council Dola Dt-Anuupur(M.P.) Email-cmodola@mpurban@gov.in, 9630206418

क्रमांक. 1456/न.परि./लो.नि./ई-टेण्डर/2025 डोला, दिनांक 17/12/2025

### निविदा विज्ञप्ति
### (प्रथम आमंत्रण)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्यों हेतु एसं.ओ.आर. 02/08/2021 के अनुसार प्रतिशत दर पर ऑनलाइन निविदाएं केन्द्रीकृत प्रणाली समतुल्य/सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मो एवं ठेकेदारों से आनलाइन निविदा दरें आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | ऑनलाइन टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 1437/E-TENDER/ NAGAR PARISHAD DOLA, ANUPPUR 2025_UAD_469086_1 | INVITING RATE OF CONTRACT FOR SAUDRDIKARAN CEMENT ART WORK AT MUNICIPAL COUNCIL DOLA FOR YEAR 2026-27 | Rs. 50,00,000 LAKH | 37500/- | Rs. 5000/- | 2026 JAN TO 2027 JAN MONTHS |

1. उल्लेखित कार्यों के निविदाओं का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nic gep/app पर देखा जा सकता है।
2. ऑनलाइन निविदा (2025_UAD_469086_1) प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 17/12/2025 समय 10.00 से 19/01/2026 समय 17.30 बजे तक निर्धारित है।

निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किये जाने पर समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। निविदा में किया गया संशोधन वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद डोला
जिला - अनूपपुर (म.प्र.)

### डिफेंडिंग चैम्पियन भारतीय टीम खिताब बचाने के लिए पूरा जोर लगाएगी

# 4 बैटर, 4 ऑलराउंडर और 2 विकेटकीपर, टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का कॉम्बिनेशन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम का ऐलान 20 दिसंबर (शनिवार) को हुआ। आगामी मेगा इवेंट में भारतीय टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे। जबकि अक्षर पटेल को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। शुभमन गिल स्क्वॉड का हिस्सा नहीं बन पाए। टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से 20 मार्च तक भारत और श्रीलंका की सहमेजबानी में आयोजित होना है।

टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम में अनुभव और यूथ का अच्छा तालमेल दिख रहा है। सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या और अर्शदीप सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ी टीम का पार्ट हैं। वहीं अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, तिलक वर्मा, हर्षित राणा जैसे युवा सितारों पर भी भरोसा जताया गया है।

भारतीय टीम में 4 बल्लेबाज, 2 बैटिंग ऑलराउंडर, 2 स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर, 3 स्पेशलिस्ट तेज गेंदबाज, 2 विकेटकीपर और 2 विशेषज्ञ स्पिनर शामिल हैं। अभिषेक शर्मा के संजू सैमसन संग ओपनिंग करने की संभावना है, वहीं रिंकू सिंह या शिवम दुबे फिनिशर की भूमिका में दिख सकते हैं। जरूरत पड़ने पर संजू की जगह ईशान को भी टॉप-ऑर्डर में आजमाया जा सकता है।



### कुलदीप-वरुण की फिरकी करेगी कमाल

ऑलराउंड खिलाड़ियों हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर पर गेंद और बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करने की जिम्मेदारी होगी। अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा का रोल बैटिंग में अहम होगा। कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती की फिरकी किसी भी टीम का खेल बिगाड़ सकती है। वैसे भी टी20 वर्ल्ड कप एशियाई उपमहाद्वीप में होना है, जहां परिस्थितियां इन दोनों स्पिनर्स के मुफीद रहेंगी। तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा और अर्शदीप गेंद से कदर काटने के लिए बेताब होंगे। आगामी टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम को पाकिस्तान, संयुक्त राज्य अमेरिका (ङ्ग), नामीबिया और नीदरलैंड्स के साथ ग्रुप-ए में रखा गया है। भारतीय टीम के चारों ग्रुप मैच अल-अलग वेन्यू पर होंगे। भारतीय टीम अपना पहला मैच 7 फरवरी को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में यूएसए से खेलेगी। फिर 12 फरवरी को उसका सामना दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में नामीबिया से होगा। इसके बाद भारतीय टीम कोलंबो के आर। प्रेमदासा स्टेडियम में 15 फरवरी को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारत का आखिरी ग्रुप मुकाबला 18 फरवरी को नीदरलैंड्स के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में निर्धारित है।

### ईशान किशन की वापसी की कहानी

## दो साल से कर रहे थे इंतजार वर्ल्ड कप में मिला सरप्राइज

**नई दिल्ली, एजेंसी**



टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम का ऐलान शनिवार को मुंबई में किया गया। चर्चा थी की वर्ल्ड कप में टीम में उन्हीं खिलाड़ियों को मौका दिया जाएगा, जो हाल में टी20 सीरीज का हिस्सा रहे हैं। लेकिन चयनकर्ताओं ने ईशान किशन के नाम पर मुहर लगाकर सभी को चौंका दिया। किशन न तो अटकलों में थे और न ही प्लानिंग का हिस्सा थे। वो करीब 2 साल से टीम से बाहर चल रहे थे। फिर अचानक उन्हें वर्ल्ड कप में टीम में जगह कैसे मिल गई। हाल के समय में ईशान किशन भारत की टी20 योजनाओं का हिस्सा नहीं थे। ऐसा लग रहा था कि विकेटकीपरों की रेस में वह संजू सैमसन, जितेश शर्मा, ध्रुव जुरेल और ऋषभ पंत से पीछे हैं। लेकिन अब ईशान ने सीधे घरेलू टी20 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय टीम में जगह बना ली है। हालांकि अजीत अगरकर और सूर्यकुमार यादव ने शुभमन गिल को बाहर करने और किशन को शामिल करने के पीछे कॉम्बिनेशन शब्द का इस्तेमाल किया, लेकिन इसमें सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में किशन का शानदार प्रदर्शन भी अहम रहा। ईशान किशन ने झारखंड को अपनी पहली एसएमएटी खिताबी जीत दिलाई, वह भी अजेय रहते हुए। उन्होंने टूर्नामेंट में 517 रन बनाए, जो सबसे ज्यादा थे। इसके अलावा उन्होंने 33 छक्के लगाए (टूर्नामेंट में सर्वाधिक), और उनका स्ट्राइक रेट रहा 197.32 का रहा। टी20 में ओपनर के रूप में शुभमन गिल की नाकामी के चलते किशन की यह वापसी और भी चौंकाने वाली लेकिन प्रभावशाली बन गई।

### टी20 वर्ल्ड कप की टीम इंडिया...

## टीम से ज्यादा चर्चे उपकप्तान के...

न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में खेली जाने वाली 5 मैचों की टी 20 सीरीज और फिर उसके बाद होने वाले वर्ल्ड कप के लिये टीम इंडिया का एलान हो गया है।भारतीय टीम के चयन के नजरिये से यह सही फैसला है।मतलब एकदम साफ है कि कीवी टीम के खिलाफ होने वाली सीरीज मैनेजमेंट के लिये चयनित खिलाड़ियों में से टीम संयोजन व उनका मापदंड परखने का मौका होगा। भारतीय टीम के चयनकर्ताओं द्वारा टीम का चयन सराहनीय है।दरअसल बहुत समय बाद टीम के चयन में ऐसा नजर आया,जब घरेलू क्रिकेट और खिलाड़ियों के हालिया फॉर्म को अहमियत दी गयी है।टीम के उपकप्तान शुभमन गिल की टीम से छुट्टी और ईशान किशन का चयन इसी बात की ओर इशारा करता है।दरअसल जब से टेस्ट फ़ॉर्मेट के बाद वनडे मैचों में शुभमन गिल को टीम इंडिया को कप्तान बनाया गया था तभी से ऐसा माना जाने लगा था कि टीम इंडिया के आल फॉर्मेट कप्तान की बागडोर उन्हीं को मिलना तय है। इस तरह के अनुमान की वजह यह भी थी कि टी20 कप्तान सूर्यकमार की उम्र 35 साल से अधिक है और वर्ल्ड कप के बाद टीम इंडिया को नया कप्तान तैयार करना है।जिस तरह वनडे मैचों में रोहित की मौजूदगी के बावजूद गिल को कप्तानी सौंपी गयी,ऐसा ही कुछ टी20 वर्ल्ड कप के बाद भी हो सकता है।अगर वर्ल्ड कप में सूर्यकमार की कप्तानी में टीम इंडिया खिताब बचाती या फिर गंवाती है तब भी ऐसा ही कुछ होने की उम्मीद थी।वैसे भी पिछले लंबे समय से फॉर्म से सूर्यकमार का फॉर्म से जूझना इसी ओर इशारा करती है,कि बतौर कप्तान उनका यह आखिरी टूर्नामेंट ही सकता है।भले ही इस टी20 वर्ल्ड कप के लिए अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाया गया हो लेकिन मेरे नजरिये में चयनकर्ताओं की यह सोच इस टूर्नामेंट तक ही सीमित रहने वाली है।वजह एकदम साफ है कि पिछ्ले कई समय से उपकप्तान के उलटफेर का यह सिलसिला ओर अक्षर पटेल की उम्र दोनों ही इस फ़ॉर्मेट के लिए उनके पक्ष में मेरे को नजर नहीं आती हैं।खैर जो भी होगा वह तो वक्त ही बताएगा लेकिन चयनकर्ताओं ने इस टीम के लिए स्टैंड बाई का चयन फिलहाल नही किया है हो सकता है इसकी वजह न्यूजीलैंड के साथ होने वाले 3 वनडे मैच और घरेलू विजय हजारे ट्रॉफी के प्रदर्शन पर उनकी निगाहे टिकी हो,क्योंकि भले ही टूर्नामेंट घरेलू मैदान पर होना है फिर भी नियमों के अनुसार उनको यह नाम भी तय करने पड़ेंगे।अब अगर हम टीम इंडिया के वर्ल्ड कप संयोजन पर गौर करें तो इसमें 4 बल्लेबाज,4 आलराउंडर(2 तेज व 2 फिरकी),2 विकेट कीपर वहीं 5 गेंदबाज(3 तेज,2 फिरकी) टीम का हिस्सा हैं।इस टीम में उपकप्तान के वाद अगर कोई सबसे बड़ा फेरबदल नजर आ रहा है तो वह बतौर ओपनिंग बल्लेबाज विकेट कीपर का चयन है।मतलब साफ है कि एकादश कोई भी रहे लेकिन एक बात तय है कि अभिषेक का जोड़ीदार विकेट कीपर ही रहेगा।इस चयन का फायदा रिंकू सिंह के खाते में गया हार्दिक पांड्या,शिवम दुबे जैसे धमाकेदार फिनिशर की मौजूदगी के बावजूद उनका किरदार बतौर फिनिशर टीम में तय हुआ।सही मायने में उपकप्तान की विदाई ओर फेरबदल के बाद सबसे चोंकाने वाला चयन टीम में यही नजर आया,क्योंकि एशिया कप के ज्यादातर मैच के बाद ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के साथ हुई 5-5 मैचों की सीरीज में भी इस फिनिशर को दरकिनार किया था।अब देखना यह दिलचस्प रहेगा कि आलराउंडर पर ही दांव लगाने वाला मैनेजमेंट रिंकू सिंह की भूमिका कैसे और कितनी तय करते हैं।टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया क्या गुल खिलायेगी इसका आकलन तो फिलहाल नही हो सकता,लेकिन इस बात में कोई शक नहीं कि मौजूदा समय मे इससे बेहतर और संतुलित टीम का चयन किसी भी हाल में संभव नहीं था।टीम का चयन इस फ़ॉर्मेट के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर किया गया है।शायद यही वजह है कि इस टीम के चयन से ज्यादा चर्चे उपकप्तानी के हो रहे है।इसमें भी खासियत यह है कि उनके इस फैसले की आलोचना से कहीं ज्यादा सराहना की जा रही है।



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

### सूर्यकुमार की खराब फॉर्म से चिंतित नहीं तिलक, बोले-

# कप्तान को फार्म में वापसी करने के लिए जरूरत है सिर्फ एक पारी की

**अहमदाबाद, एजेंसी**

भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं, लेकिन तिलक वर्मा इससे चिंतित नहीं हैं। तिलक का मानना है कि सूर्यकुमार यादव को फॉर्म में वापसी करने के लिए सिर्फ एक पारी की जरूरत है। सूर्यकुमार की खराब फॉर्म दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में भी जारी रही। पिछले साल टी20 विश्व कप होना है और इससे पहले कप्तान का लय में होना भारत के लिए चिंता की खबर है।

तिलक ने कहा, मैं उनसे बस यही कह रहा था कि कुछ गेंदों को सहजता से खेलें। बस थोड़ा इंतजार करें। आपको क्रीज पर थोड़ा समय बिताना होगा।



तिलक ने कहा, अगर सूर्यकुमार को वह आत्मविश्वास हासिल हो जाता है तो हम सभी जानते हैं कि वह कितने खतरनाक साबित हो सकते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि इस समय अगर वह कुछ गेंदों का सामना करते हैं, तो मैं उन्हें यह नहीं कहूंगा कि वह फील्डर के ऊपर से शॉट लगाने की कोशिश करे। लेकिन

### बुमराह-वरुण को बताया भरोसेमंद गेंदबाज

तिलक ने कहा कि बुमराह और चक्रवर्ती इस प्रारूप में भारत के सबसे भरोसेमंद गेंदबाज हैं। तिलक ने कहा, अन्य तेज गेंदबाजों की तुलना में हम सभी जानते हैं कि जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी में एक अलग ही धार है। उसी तरह मैं यह भी कहूंगा कि वरुण चक्क वर्ती की गेंदबाजी में भी कुछ खास बात है, जिससे वह कभी भी विकेट ले सकते हैं। जब भी टीम को विकेट की जरूरत होती है, ये दोनों भरोसेमंद गेंदबाज होते हैं। वे अपेक्षा पर पूरी तरह से खरा उतरते हैं। वरुण ने पूरी श्रृंखला में यह साबित किया है। खासकर आज जब हम दबाव में थे, तब उन्होंने एक ही ओवर में दो विकेट लिए।

### जिम्बाब्वे ने रिचर्ड को सौंपी अहम जिम्मेदारी, वनडे के साथ मिली टेस्ट की कमान

**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने तेज गेंदबाज रिचर्ड नगारवा को टेस्ट और वनडे फॉर्मेट का नया कप्तान नियुक्त किया है। शनिवार को बोर्ड की चौथी तिमाही की बैठक में रिचर्ड नगारवा के नाम पर मुहर लगी है। उनके अलावा, ब्रायन बेनेट को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट के चेयरमैन तवेंगवा मुकुहलानी ने कहा, ÷रिचर्ड नगारवा ने पिछले कुछ वर्षों में एक खिलाड़ी और नेतृत्वकर्ता के तौर पर शानदार तरक्की हासिल की है। ड्रेसिंग रूम में उनका सम्मान किया जाता है और उन्होंने सभी फॉर्मेट में जिम्बाब्वे के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। हमारा मानना है कि वह टीम को अगले पड़ाव पर ले जाने के लिए तैयार हैं। नए उपकप्तान को लेकर चेयरमैन ने कहा, ÷ब्रायन बेनेट को उपकप्तान बनाना उनकी क्रिकेटिंग समझ, परिपक्वता और लंबे समय की नेतृत्व क्षमता में हमारे भरोसे को दर्शाता है।

### ईस्ट बंगाल एफसी ने सैफ महिला क्लब चैंपियनशिप जीतकर रचा इतिहास



काठमांडू। ईस्ट बंगाल एफसी ने पहली सैफ महिला क्लब चैंपियनशिप का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। इस टीम ने शनिवार को काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में आयोजित फाइनल में नेपाल एपीएफ (आर्म्ड पुलिस फोर्सेज) को 3-0 से मात दी। इंडियन विमेंस लीगकी चैंपियन टीम ने एक अजेय सीजन खत्म किया, जिसमें एक भी गोल नहीं खाया। युगांडा की स्ट्राइकर फजिला इक्वापुट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 गोल दागे। उन्होंने फाइनल मुकाबले के 21वें और 46वें मिनट में गोल किए। इसी के साथ टूर्नामेंट में उनके गोलों की संख्या 9 हो गई है।

▯▯▯▯▯ · U

# बेटी को एडल्ट टॉय दूंगी, बोलकर फंसी गौतमी, झेलनी पड़ी ट्रोलिंग

एक्ट्रेस गौतमी कपूर को अपनी बेटी के साथ इंटिमेसी पर खुलकर बात करने की वजह से काफी ट्रोलिंग झेड़नी पड़ी थी। उन्होंने कहा था कि वो अपनी बेटी को 16वें बर्थडे पर एडल्ट टॉय गिफ्ट देना चाहती हैं। अब एक्ट्रेस ने ट्रोलिंग पर रिएक्ट किया है और खुलासा किया कि इस वजह से उनकी कई रातें ऐसी गुजरीं, जब उन्हें नींद नहीं आई।

**ट्रोलिंग पर बोलीं गौतमी -** इंटरव्यू में गौतमी ने उस इंटेंस बैकलैश को याद किया, जब उन्होंने अपनी बेटी को 16 साल की होने पर एडल्ट टॉय देने की इच्छा जताई थी। गौतमी ने कहा- ये बात बिल्कुल अचानक हो गया। जब मैंने वो पॉडकास्ट किया था, वो तो चार-पांच महीने पहले की बात है। लेकिन कुछ महीनों बाद ये इतनी बड़ी कंट्रोवर्सी बन गई, पता नहीं क्यों।



आगे वो कहती हैं कि मैंने कोई जनरल कमेंट नहीं किया था और ना ही कहा कि हर मां को ऐसा करना चाहिए। वो उस दिन की बातचीत थी। मैंने अपनी बेटी के बारे में अपनी पर्सनल बात कही थी, जो मेरी उससे रिलेशनशिप है, तो उसे मैं जस्टिफाई क्यों करूंगी? राम और मैं दोनों ही अपने बच्चों से बहुत ओपन रिलेशनशिप रखते हैं, कुछ को ये पसंद आएगा, कुछ को बुरा लगेगा। वो उनका ओपिनियन है और मैं किसी को जज नहीं करती।

### उड़ी रातों की नींद

गौतमी ने बताया कि उन्हें इतना ट्रोल किया कि उनकी रातों की नींद उड़ गई थी। वो बताती हैं- सच कहूं तो मैं डिप्रेशन वाले मोड में चली गई थी, क्योंकि जब मैं अपना इंस्टाग्राम फीड देखती थी, तो यकीन नहीं होता कि लोग किसी औरत को... किसी इंसान को ऐसे कमेंट्स लिखते हैं। मुझे नींद नहीं आती थी। मैंने लगभग एक महीने के लिए इंस्टाग्राम से गायब हो गई थी। एक्ट्रेस कहती हैं कि उस मुश्किल वक्त में उन्हें उनकी बेटी ने सपोर्ट किया। उन्होंने माना कि वो कन्फ्यूज थीं कि जवाब दें या कुछ बोलें। लेकिन उनकी बेटी ने कहा, चिल करो मॉम, लोग एक दिन बात करेंगे फिर भूल जाएंगे, इसे छोड़ दो।




## अनुपम खेर की झोली में आया एक और अवॉर्ड, लेखक पुरस्कार से हुए सम्मानित

हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर के लिए साल 2025 का आखिरी महीना भी शानदार साबित हो रहा है। पहले उनकी फिल्म तन्वीत्र द ग्रेट को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ ऑस्ट्रेलिया में सम्मानित किया गया और अब उनकी लिखी किताबों के लिए उन्हें सम्मानित किया गया है।

लेखक पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर कई फोटो शेयर कर यह खुशी जाहिर की। इन फोटो में अभिनेता अपनी नई ट्रॉफी दिखा रहे हैं और उन्होंने उन किताबों की भी फोटोज शेयर की हैं जिनके लिए उन्हें सम्मानित किया गया है। अनुपम को बेस्ट राइटर का पुरस्कार अपनी द बेस्ट थिंग अबाउट यू इज यू, डिफरेंट बट नो लेस, और ÷लेसन्स लाइफ टॉट मी÷ जैसी किताबों के लिए मिला है। अभिनेता ने अपने जीवन के संघर्ष और अनुभव के आधार पर इन किताबों को लिखा है। अपनी खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 2025 के लिए आउटस्टैंडिंग लिटरेरी कंट्रीब्यूशन अवॉर्ड से सम्मानित करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद! इससे मुझे सच में बहुत खास महसूस हो रहा है। मैं हिंदी मीडियम का हूं। आसान इंग्लिश में लिखता हूं और किताबें बेस्ट सेलर हैं।



### मेट्रो बाजार

## एफआईपी ने कहा-विमानन सुरक्षा पर हो जीरो टॉलरेंस, एयरलाइंस को मिली सभी छूट वापस ले सरकार

नई दिल्लीभारतीय विमानन क्षेत्र में सुरक्षा मानकों और पायलटों के स्वास्थ्य को लेकर चल रही बहस ने एक नया मोड़ ले लिया है। देश के लगभग 5,000 पायलटों का प्रतिनिधित्व करने वाले शीर्ष निकाय, फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू को पत्र लिखकर एक सख्त मांग की है। संगठन ने कहा है कि एयरलाइनों को पायलटों की ड्यूटी और आराम की अवधि के नियमों में दी गई सभी रियायतों और %वेरिएशन्स% को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए, ताकि यात्री सुरक्षा से कोई समझौता न हो।मामले की जड़ नागरिक उड्डयन महानिदेशालय यानी डीजीसीए की ओर से हाल ही में लागू किए गए नए एफडीटीएल (फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन) नियम हैं। ये नियम वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाए गए थे ताकि पायलटों की थकान को कम किया जा सके और उन्हें पर्याप्त आराम मिल सके। हालांकि, डीजीसीए ने इंडिगो और एयर इंडिया जैसी प्रमुख घरेलू एयरलाइनों को इन नियमों में कुछ विशेष छूट प्रदान की हैं। इन छूटों के तहत, एयरलाइनों को दो-पायलट वाले बोइंग 787 ड्रीमलाइनर जैसे विमानों के संचालन के लिए अधिक नाइट लैंडिंग और ड्यूटी के समय में विस्तार की अनुमति मिल गई है। पायलटों का आरोप है कि ये छूट सुरक्षा की कीमत पर एयरलाइनों के व्यावसायिक हितों को साधने के लिए दी गई हैं।

## गैर-कृषि कमोडिटी डेरिवेटिव्स की समीक्षा के लिए कार्य समूह का गठन करेगा सेबी

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने गैर-कृषि कमोडिटी डेरिवेटिव्स खंड की समीक्षा के लिए एक कार्य समूह गठित करने की योजना बनाई है। सेबी के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडेय ने यह जानकारी दी। कमोडिटी व कैपिटल पार्टिसिपेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीपीएआई) के 11वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोलते हुए, पांडेय ने कहा कि इस कार्य समूह की अधिसूचना जल्द जारी की जाएगी।



सेबी प्रमुख ने बताया कि नियामक भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण के साथ बातचीत कर रहा है, ताकि कमोडिटी डेरिवेटिव्स बाजार में बैंकों और बीमा कंपनियों की भागीदारी को सक्षम बनाया जा सके। उन्होंने कहा, संस्थागत भागीदारी बढ़ने से बाजार में लिक्विडिटी आएगी, इससे यह हेजिंग के उद्देश्यों के लिए और अधिक आकर्षक बन जाएगा। पांडेय ने साफ किया कि सभी हितधारकों के साथ उचित परामर्श के बाद ही गैर-कृषि कमोडिटी डेरिवेटिव खंड की समीक्षा के लिए यह नया समूह बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, इस कार्य समूह को बहुत जल्द अधिसूचित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सेबी ने कृषि और कमोडिटी डेरिवेटिव्स पारिस्थितिकी तंत्र को गहरा करने के उपायों का सुझाव देने के लिए पहले ही कार्य समूहों का गठन कर दिया है। ये विशेषज्ञ समूह इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या मार्जिन, पोजीशन लिमिट और डिलीवरी व निपटान तंत्र को विनियमित करने वाले मौजूदा ढांचे को बाजार की अखंडता से समझौता किए बिना और बेहतर बनाया जा सकता है।



चमोली जिले में कड़ाके की ठंड जारी है, जिससे बदरीनाथ धाम, नीति घाटी और औली जैसे उच्च हिमालयी क्षेत्रों में झरने और नदी-नाले जमने लगे हैं।

### मप्र में इस सर्दी में पहली बार पारा 3 डिग्री से नीचे

# कल्याणपुर में 2.8 डिग्री तापमान उप्र के कई शहरों में शीतलहर

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ, दोपहर मेट्रो।** भारत के मध्य और उत्तरी हिस्सों में कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे का दौर जारी है। मौसम विभाग ने रविवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत देश के 18 राज्यों में घने कोहरे के अलर्ट जारी किया है।

मध्य प्रदेश में सर्दी अपने चरम पर है। इस सर्दी सीजन पहली बार शनिवार को तापमान 3 डिग्री से नीचे पहुंच गया। शहडोल के कल्याणपुर में 2.8 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री दर्ज हुआ। भोपाल में लगातार एक हफ्ते से तापमान 7 डिग्री से कम है।

यूपी और बिहार में कोल्ड-डे के हालात है। सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। दिन और रात के समय एक जैसी सर्दी पड़ रही है। ज्यादातर शहरों में धूप के दर्शन ही नहीं हो रहे हैं। ओस की बूंदें रिमझिम बारिश की तरह पड़ रही हैं। सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। यूपी में शिमला और नैनीताल से ज्यादा सर्दी है। रविवार सुबह बरेली, कानपुर समेत कई शहरों का तापमान 7 डिग्री या उससे कम रिकॉर्ड किया गया। कानपुर में सबसे कम, 6.4 डिग्री तापमान दर्ज हुआ।कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में आज बर्फबारी हुई। गुलमर्ग में करीब दो इंच बर्फ जमी है। सोनमर्ग में सुबह से बर्फबारी जारी है।

## कोहरे की चपेट में उत्तर भारत, हवाई और रेल के सफर पर लगा ब्रेक, कई उड़ानें रद्द, ट्रेनें भी लेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूरा उत्तर भारत भीषण ठंड की चपेट में है। पहाड़ों से लेकर मैदानों तकसर्द हवाएं कंपकंपी छुड़ाती रहीं। सुबह और रात के समय घने कोहरे के चलते मुश्किलें बढ़ गई हैं। दृश्यता कम होने से सड़क, रेल और हवाई यातायात बुरी तरह बाधित रहा। केवल दिल्ली में ही 129 उड़ानें रद्द हुईं। वहीं आज भी कई उड़ानें रद्द और ट्रेनों की गति पर ब्रेक लग गया है।

**बंगलूरू और अमृतसर की उड़ानों पर असर:** इंडिगो एयरलाइन ने जानकारी दी है कि खराब मौसम के चलते बेंगलुरु और अमृतसर में दृश्यता काफी कम हो गई है, जिससे उड़ानों के संचालन पर असर पड़ा है।

## न्यूज विंडो

### 'खूनी' टेक्नो पार्टी: राहुल गवली गैंग का तांडव, गाड़ियां तोड़ीं

**रायपुर।** नया रायपुर के ऐलसवेयर होटल में चल रही एक हाई-प्रोफाइल टेक्नो पार्टी उस समय हिंसा में बदल गई, जब आपसी विवाद के बाद जमकर मारपीट और तोड़फोड़ की गई। आरोप है कि राहुल गवली गैंग ने पार्टी में मौजूद शुभम लेखवानी के साथ लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की और होटल परिसर में खड़ी कई गाड़ियों को निशाना बनाया घटना मंदिर हसौद थाना क्षेत्र की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर रात तेज संगीत के बीच अचानक हंगामा शुरू हुआ और कुछ ही देर में पार्टी का माहौल भयावह हो गया। आरोपियों ने खुलेआम लाठी, डंडों से हमला किया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए, वहीं होटल स्टाफ और पार्टी में शामिल लोगों में दहशत फैल गई।सूचना मिलते ही मंदिर हसौद थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सभी आरोपी फरार हो चुके थे। पुलिस ने होटल परिसर और आसपास के इलाकों का निरीक्षण किया।

### मुठभेड़ में मारा गया इनामी हिस्ट्रीशीटर, दर्ज थे 47 मुकदमे

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर की देहात कोतवाली क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश आजाद उर्फ जुबैर उर्फ पीटर मारा गया। जवाबी फायरिंग में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश पर विभिन्न जिलों में हत्या और लूट जैसे 47 गंभीर मामले दर्ज थे। देहात कोतवाली पुलिस टीम स्याना रोड पर जसनावली के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर दो संदिग्ध युवक आते दिखे। पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया, तो बदमाशों ने रुकने के बजाय पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और बाइक मोड़कर भागने लगे। बदमाशों को भागता देख पुलिस ने तुरंत वायरलेस पर सूचना प्रसारित की। पीछा कर रही पुलिस टीम के साथ ही सामने से गुलावठी थाने की फोर्स भी पहुंच गई। सेल्टन बम्बा रोड पर खुद को दोनों ओर से घिरा देख बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।



### बलूच विद्रोही ने जाफर एक्सप्रेस फिर बनाया निशाना, दो धमाके

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान का दमन करते आ रहे पाकिस्तान को संदिग्ध बलूच विद्रोही अपना निशाना बना रहे हैं। लगातार अशांत रहने वाले इस क्षेत्र में विद्रोहियों ने मुख्य रेलवे लाइन पर दो बड़े बम धमाके किए। एक बार फिर से उनका निशाना जाफर एक्सप्रेस और कराची जाने वाली बोलन एक्सप्रेस थी। स्थानीय मीडिया के मुताबिक यह धमाके मुश्फाक और दाश्त इलाकों में हुए। हालांकि, दोनों ट्रेनें इन धमाकों के सीधे चपेट में आने से बच गईं, लेकिन इससे ट्रैक का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे बलूचिस्तान और पाकिस्तान के तीन अन्य प्रांतों के बीच में रेलवे यातायात ठप्प पड़ गया।

स्थानीय पुलिस अधिकारी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मुश्काफ इलाके में हुए धमाके में करीब तीन मीटर रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त हुआ है, जबकि मस्तुंग जिले के दाश्त क्षेत्र में हुए दूसरे धमाके में मुख्य लाइन का एक हिस्सा खराब हुआ है। इसकी वजह से यातायात को रोकना पड़ा है और सैकड़ों यात्री फंस गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक सुरक्षा और मरम्मत दल तुरंत ही घटनास्थलों पर पहुंच गए।

### अरुणाचल में जासूसी नेटवर्क का खुलासा, पाकिस्तान कनेक्शन भी मिला

# बॉर्डर एरिया में चल रही गतिविधियों को लेकर एजेंसियां अलर्ट, चीन की हलचल पर भी नजर

**ईटानगर, एजेंसी**

अरुणाचल प्रदेश में जासूसी नेटवर्क के खुलासे और सीमा से जुड़ी गतिविधियों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस ने पिछले 10 दिनों में पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क के 4 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस बीच, स्थानीय लोगों ने लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के पास चीनी सेना की मौजूदगी और संभावित घुसपैठ की जानकारी दी है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी सेना की गतिविधियों और अन्य संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तानी हैंडलर्स तक भेज रहे थे। शुरुआती जांच में इस नेटवर्क के चीन से जुड़े होने के संकेत भी मिले हैं।

सुरक्षा विशेषज्ञ इसे 'हाइब्रिड वॉर' की रणनीति से जोड़कर देख रहे हैं, जिसमें जासूसी, घुसपैठ और सैन्य दबाव को एक साथ इस्तेमाल किया जाता है।

राज्य के गृह मंत्री मामा नातुंग ने कहा है कि जासूसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।




### LAC के पास चीनी गतिविधियां, कैंप बनाने का दावा


स्थानीय लोगों का दावा है कि सितंबर 2024 से चीनी सेना ने अंजाव जिले के कपापु क्षेत्र में करीब 60 किमी अंदर तक कैंप बनाए हैं। उनका कहना है कि हालात 2022 जैसे हैं। हालांकि, सरकार की ओर से इसे 'ओवरलैपिंग पेट्रोलिंग' बताया जा रहा है। इसी दौरान तिब्बत के ल्हुंजे एयरबेस पर चीन की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। यहां मैकमोहन लाइन से करीब 40km दूर 36 हार्डेंड एयरक्राफ्ट शेल्टर्स बनाए जाने और स्टेल्थ जेट्स की तैनाती की जानकारी सामने आई है।

### स्लीपर सेल खड़ा करने की आशंका

जांच एजेंसियों के मुताबिक पकड़े गए संदिग्ध स्थानीय मुस्लिम समुदायों में घुल-मिलकर स्लीपर सेल विकसित करने की कोशिश कर रहे थे। कुछ बांग्लादेशी युवकों की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। वेस्ट सियांग के एसपी का कहना है कि यह मामला असम और अरुणाचल से जुड़े एक बड़े जासूसी मॉड्यूल का हिस्सा हो सकता है। एजेंसियां इसे ऐसी रणनीति से जोड़कर देख रही हैं, जिसमें पाकिस्तान प्रॉक्सी की भूमिका निभा सकता है।

### नए साल पर दहलाने की थी साजिश

## आतंकी घुसपैठ की फिराक में, पंजाब पुलिस ने मददगार को किया गिरफ्तार



**पठानकोट, एजेंसी।** पाकिस्तान एक बार फिर नए साल पर पंजाब में दहशत फैलाने की योजना बना रहा है। उसने पंजाब के रास्ते घुसपैठ कराने के लिए आतंकियों को तैयार कर लिया है और उनकी मदद के लिए सीमा क्षेत्र के अपने स्लीपर सैल एक्टिवेट कर दिए हैं। खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर पंजाब पुलिस ने गंदला लाहड़ी क्षेत्र से आतंकियों के संदिग्ध मददगार बिल्लू गुज्जर को हिरासत में लिया है। दूसरा व्यक्ति नजाकत हुसैन फिलहाल लापता है। उसकी तलाश की जा रही है। एसएसपी दलजिंदर सिंह ने बताया कि बिल्लू को संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। फिलहाल अन्य आरोपों के संबंध में जांच जारी है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान में बैठे आतंकी संगठन एक बार फिर पठानकोट में बड़ा हमला करने की साजिश रच रहे हैं। एसएसपी ने बताया कि खुफिया एजेंसियों के मुताबिक कुछ आतंकी जम्मू कश्मीर और पठानकोट में घुसपैठ करने की फिराक में हैं।

### सुरक्षा बलों हुए अलर्ट

पठानकोट जिले के संवेदनशील क्षेत्रों जैसे डमटाल, ढांगू, भदरोया और मीलवां में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। एसएसपी दलजिंदर सिंह ने बताया कि रात के समय सुरक्षा बलों की संख्या बढ़ा दी गई है और पूरी रात विशेष चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। इंटरस्टेट नाकों पर सख्त जांच की जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को शहर में प्रवेश न करने दिया जाए।

### परमाणु हादसा होने पर कंपनियों की जिम्मेदारी कम

# भारतीय संसद से SHANTI कानून बनते ही डोनाल्ड ट्रंप ने NDAA पर किए दस्तखत

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की संसद से SHANTI बिल पास किए जाने के ठीक दो दिन बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नेशनल डिफेंस ऑथराइजेशन एक्ट (NDAA) पर कानून पर दस्तखत कर दिए हैं। NDAA कानून के तहत डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो को भारत सरकार के साथ काम करने और '...(भारत के) घरेलू न्यूक्लियर लायबिलिटी नियमों को अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के साथ मिलाने' की सलाह दी गई है। भारतीय संसद ने जो SHANTI कानून बनाया है वो न्यूक्लियर सेक्टर में प्राइवेट भागीदारी की अनुमति देता है और



किसी न्यूक्लियर घटना के लिए ऑपरेटर के दायित्व को 3,000 करोड़ तक सीमित करता है। यानि, कंपनी के दायित्वों को कम करता है। दिलचस्प यह है कि भारत ने जब सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (SHANTI) बिल को पारित किया है, उसी हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी NDAA कानून पर दस्तखत किए हैं। SHANTI को बहुत आसान भाषा में समझें तो यह कानून, निजी क्षेत्र की परमाणु ऊर्जा सेक्टर में भागीदारी का रास्ता खोलता है और किसी परमाणु दुर्घटना की स्थिति में, ऑपरेटर की अधिकतम जिम्मेदारी को 3,000 करोड़ रुपये तक सीमित करता है। वहीं, अमेरिका के NDAA में कहा गया है कि अमेरिकी विदेश मंत्री को भारत के साथ रणनीतिक सुरक्षा संवाद के तहत, एक संयुक्त परामर्श तंत्र स्थापित करना चाहिए।

## जी राम जी पर आर-पार की लड़ाई के मूड में कांग्रेस, 29 को बैठक बुलाई

**नई दिल्ली।** 'जी राम जी' पर कांग्रेस ने अपना रुख साफ करते हुए मोदी सरकार से आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। एक संसदीय समिति के प्रमुख कांग्रेस के एक सांसद ने 29 दिसंबर को एक बैठक बुलाई है। इस बैठक में 'डुक्कत ऋरूत' बिल पर चर्चा होगी और इसकी तुलना यूपीए के समय के मनरेगा से की जाएगी। इस कदम को नए प्रस्तावित कानून को लेकर राजनीतिक लड़ाई का बढ़ना माना जा रहा है, जिस पर सत्ताधारी हृष्ठ के सदस्यों ने विरोध जताया है।

ग्रामीण विकास और पंचायती राज पर बनी स्थायी समिति के एजेंडे में ग्रामीण विकास मंत्रालय से 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन-ग्रामीन बिल' पर जानकारी लेना शामिल है। साथ ही, इसकी तुलना मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) से भी की जाएगी। इस समिति के अध्यक्ष कांग्रेस सांसद सप्तगिरी शंकर उल्का हैं। यह बैठक इसलिए भी अहम है क्योंकि यह बिल संसद से पास हो चुका है और अब राष्ट्रपति की मंजूरी का इंतजार कर रहा है। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद ही यह बिल गजट नोटिफिकेशन के जरिए कानून बनेगा।

## मेट्रो एंकर

### खाड़ी देशों के साथ रिश्तों को मिली नई मजबूती, GCC सदस्यों से मिला सर्वोच्च सम्मान

# सम्मान सिर्फ औपचारिकता नहीं , भारत के प्रति बढ़ते विश्वास का संकेत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत कूटनीति की वजह से पिछले एक दशक में खाड़ी देशों के साथ भारत के रिश्तों में नई मजबूती आई है। उनकी हालिया ओमान यात्रा कई मायने में मील का पत्थर है। जानकारों का मानना है कि ओमान संग मुक्त व्यापार समझौता अब खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के अन्य सदस्य देशों के साथ व्यापार संबंधों को आगे बढ़ाने में अहम होगा। मोदी की इसी कूटनीति का नतीजा है कि वह संबंधों को ऐसी ऊंचाई पर पहुंचाने में सफल रहे, जो पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने हासिल नहीं किया।

इन अभूतपूर्व रिश्तों का ही नतीजा है कि अब तक जीसीसी से छह में से पांच सदस्य प्रधानमंत्री मोदी को उनके देश का अपना सर्वोच्च सम्मान दे चुके हैं। ओमान ने हालिया यात्रा के दौरान उन्हें अपना सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया था। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, भारत और खाड़ी देशों की साझेदारी हाइड्रोकार्बन और भारतीय कार्यबल पर शुरुआती निर्भरता से कहीं आगे बढ़ चुकी है।



### व्यक्तिगत संबंधों को देते रहे हैं प्राथमिकता

प्रधानमंत्री मोदी ने खाड़ी देशों के नेताओं के साथ व्यक्तिगत संबंधों को हमेशा प्राथमिकता दी है। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ उनका संबंध गर्मजोशी भरा बताया जाता है। सऊदी के सुलतान सलमान बिन अब्दुलअजीज के साथ उनकी बातचीत ने रणनीतिक सामंजस्य के एक चरण को सुगम बनाया। बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा, कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह, ओमान के सुलतान हैथम बिन तारिक और कतर के अमीर शेख तमिम बिन हमद अल थानी, सबने उन्हें खुली स्वीकृति दी है, जो किसी विदेशी नेता को शायद ही दी गई हो।

### कतर को छोड़ सबने किया सम्मानित

मोदी किसी भी अन्य भारतीय प्रधानमंत्री की तुलना में खाड़ी देशों के सबसे ज्यादा दौरे किए हैं। वह जीसीसी देशों के 15 दौरे कर चुके हैं। जीसीसी में छह सदस्य देश हैं, जिनमें कतर को छोड़ बाकी पांच देश मोदी को सर्वोच्च सम्मान प्रदान कर चुके हैं। यह सद्भावना का कोई अस्थायी क्षण नहीं है, बल्कि एक संरचनात्मक पुनर्निर्माण है। अब खाड़ी की पूर्व की ओर दृष्टि भारत को हाशिये में नहीं, बल्कि अपनी दीर्घकालिक सोच के केंद्र में पाती है। यह बदलाव वास्तव में भारत के पश्चिम एशिया के साथ संबंधों में अप्रत्याशित है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564